महानगर नई दिल्ली सोमवार 3 जून, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

# जद (एकी) के आठ और विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया नीतीश ने

पटना, 2 जून (भाषा)।

बिहार में भाजपा और लोजपा के साथ सत्ता में शामिल जद (एकी) से आठ मंत्रियों को रविवार को नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। पटना स्थित राजभवन में रविवार को राज्यपाल लालजी टंडन ने जद (एकी) नेता अशोक चौधरी, नरेंद्र नारायण यादव, बीमा भारती, संजय झा, नीरज कुमार, रामसेवक सिंह, श्याम रजक और लक्ष्मेश्वर राय को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई अन्य मंत्री उपस्थित थे।


केंद्रीय मंत्रिमंडल में जद (एकी) को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने की वजह से बिहार मंत्रिमंडल के विस्तार में भाजपा को स्थान नहीं दिए जाने की चर्चा के बीच शपथ ग्रहण समारोह के बाद नीतीश ने साफ किया कि जद (एकी) की रिक्तियां थीं इसलिए मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ है। नीतीश ने जद (एकी) और भाजपा के बीच सब कुछ ठीक होने और इसको लेकर कोई गलतफहमी मन में नहीं रखने की ताकीद करते हुए कहा कि मंत्रिमंडल में जद (एकी) के कोटे से मंत्रियों की संख्या पहले से पांच कम थी और लोकसभा चुनाव में तीन मंत्रियों के सांसद चुने जाने के बाद अब यह संख्या बढ़ कर आठ हो गई थी। उन्होंने कहा कि विभागों की संख्या अधिक और मंत्रियों की संख्या कम रहने व आसन्न बिहार विधानमंडल के सत्र को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया है।


भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद संवाददाताओं से बातचीत में स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री ने शनिवार को ही आग्रह किया था कि जो रिक्तियां हैं उन्हें भाजपा भर सकती है, पर हमारी पार्टी के नेतृत्व ने तय किया है कि आगामी दिनों में इसे भरा जाएगा। हमारी रिक्तियां कम हैं। पहले से ही 13 मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में जद (एकी) की रिक्तियां अधिक होने के कारण उन्होंने इसे तत्काल भरने का फैसला किया। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में जद (एकी) के प्रतिनिधित्व और उसकी कथित नाराजगी के बारे बाकी पेज 8 पर


संजय झा


लक्ष्मेश्वर राय


नीरज कुमार


श्याम रजक


नरेंद्र नारायण यादव


राम सेवक सिंह


बीमा भारती


अशोक चौधरी

- नीतीश ने कहा कि जद (एकी) की रिक्तियां थीं सो विस्तार हुआ।

## भारतीय उच्चायोग की इफ्तार पार्टी में पाकिस्तानी एजंसियों का शर्मनाक रवैया

# सुरक्षा के नाम पर बदसलूकी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

नए विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर को पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से पहली राजनयिक चुनौती मिली है। इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग ने सौजन्य दिखाते हुए वहां इफ्तार का आयोजन किया और पाकिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों को आमंत्रित किया। लेकिन शनिवार की शाम को आयोजित इफ्तार में पहुंचे मेहमानों को पाकिस्तानी अधिकारियों की जबरदस्त बदसलूकी का सामना करना पड़ा। सुरक्षा जांच के नाम पर अधिकारियों ने मेहमानों को इफ्तार में शामिल होने से रोका और उनके साथ धक्का-मुक्की की। कई अतिथियों को उत्पीड़ित कर लौटने को मजबूर किया गया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने समूचे घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए पाकिस्तान को प्रतिवाद पत्र (डिमार्शे) जारी किया है।

- अतिथियों के साथ सुरक्षा के नाम पर धक्का-मुक्की, उत्पीड़न और मोबाइल छीने
- भारत ने जारी किया डिमार्शे, उच्चायोग ने पाक विदेश मंत्रालय से जांच की मांग की


इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग की इफ्तार पार्टी में पहुंचे अतिथियों के साथ उच्चायुक्त अजय बिसारिया।

विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तान में तैनात भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने इस्लामाबाद के सेरेना होटल में वार्षिक इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें पूरे पाकिस्तान से अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। इस आलीशान होटल के आसपास सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए थे। पाकिस्तानी सुरक्षा एवं खुफिया एजंसियों के अधिकारियों ने सुरक्षा इंतजाम के नाम पर अतिथियों को इफ्तार पार्टी में जाने से रोकने का प्रयास किया। कई मेहमानों की गाड़ियां फोर्कलिफ्ट का इस्तेमाल कर उठवा ली गईं और कई मेहमानों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए। तीन सौ से ज्यादा मेहमानों को बाकी पेज 8 पर

# लू के थपेड़ों ने झुलसाया, देश के कई हिस्सों में लोग बेहाल

## हिमाचल, पंजाब, हरियाणा में गरमी का कहर जारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 जून।

देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गरमी का कहर जारी है। गरमी से राजस्थान में एक किसान के मौत की खबर मिली है। दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा,व चंडीगढ़ में गरमी का कहर जारी है। लिहाजा दो जून को इस सभी राज्यों में मौसम के मिजाज में खतरनाक स्तर की गरमी को देखते हुए इन इलाकों में लाल रंग की चेतावनी (रेड अलर्ट) जारी है। राजस्थान चुरू रविवार को भी देश का सबसे गरम स्थान रहा। हालांकि इसका तापमान मामूली सुधार के साथ 48.9 दर्ज किया गया जबकि पंजाब के अमृतसर में न्यूनतम तापमान 26 व अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से तीन डिग्री अधिक है।

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले कुछ और दिनों तक गरमी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। हालांकि गरमी की तीव्रता में कुछ सुधार हो सकता है। विभाग ने बताया कि अभी भी देश के कई हिस्सों में तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर चल रहा है। तेज लू के थपेड़ों से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया दिन ही नहीं रात में भी हवा लू जैसी ही गरम चल रही है। रविवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री की उछाल के साथ 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। देश में रेड अलर्ट चार जून से हटने के आसार है।

राजस्थान के सीकर के नैछवा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक किसान हनुमान जाट (45) की खेत में काम करने के दौरान भीषण गरमी से मौत हो गई। भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि पिछले बाकी पेज 8 पर


चुरू में रविवार को लू के थपेड़ों से राहत पहुंचाने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव करती दमकल गाड़ी।

- उत्तर भारत, मध्य व दक्षिण भारत में दो और दिनों तक लू जारी रहने और फिर धीरे-धीरे कम होने की संभावना है। मध्य प्रदेश और पश्चिम राजस्थान में सोमवार को तेज लू का अनुमान है।

# किसी भी प्रदेश पर कोई भाषा नहीं थोपेंगे : निशंक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

त्रिभाषा फार्मूले संबंधी नई शिक्षा नीति के मसविदे पर उठे विवाद के बीच केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने स्पष्ट किया है कि सरकार अपनी नीति के तहत सभी भारतीय भाषाओं के विकास को प्रतिबद्ध है और किसी प्रदेश पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी।

निशंक ने कहा कि हमें नई शिक्षा नीति का मसविदा प्राप्त हुआ है, यह रिपोर्ट है। इस पर लोगों और विभिन्न पक्षकारों की राय ली जाएगी, उसके बाद ही कुछ होगा। कहीं न कहीं लोगों को गलतफहमी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करती है और हम सभी भाषाओं के विकास को प्रतिबद्ध हैं। किसी प्रदेश पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। यही हमारी नीति है, इसलिए इस पर बाकी पेज 8 पर


रमेश पोखरियाल 'निशंक'


- द्रमुक के राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा और मक्कल नीधि मैयम नेता कमल हासन सहित कई नेताओं ने विरोध जाहिर किया है।

# सरकार के कदम डगमगाए तो सुझाव देगा संघ : भागवत

कानपुर, 2 जून (भाषा)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि अगर सरकार के कदम डगमगाते दिखे तो संघ उसे सकारात्मक दृष्टिकोण से सलाह और सुझाव देगा। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में आयोजित एक सत्र में ये बातें कहीं।

संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख मोहन अग्रवाल ने बताया कि भागवत ने कहा कि जो लोकतांत्रिक व्यवस्था से चुनकर आते हैं, उनके पास अधिकार बहुत होते हैं लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि इन अधिकारों का कहीं गलत उपयोग किया जाए। अगर सरकार के कदम डगमगाते दिखे तो संघ की ओर से उन्हें सकारात्मक दृष्किोण से सलाह और सुझाव दिए जाएंगे। अग्रवाल ने बताया कि भागवत ने सत्र के दौरान स्वयंसेवकों को आदर्शवाद का पाठ पढ़ाया और कहा कि संघ कार्यकर्ताओं को कभी भी अहंकार का शिकार नहीं होना चाहिए, चाहे उन्होंने समाज के लिए कितना ही अच्छा काम क्यों न किया हो। संघ कार्यकर्ताओं की यह स्वाभाविक आदत होनी चाहिए कि वे दूसरों के लिए किए गए कार्य का कोई लाभ न लें।


मोहन भागवत

## सूचना आयुक्तों की नियुक्ति

# चर्चाओं का ब्योरा देने से इनकार

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

केंद्र ने केंद्रीय सूचना आयोग में चार सूचना आयुक्तों की नियुक्ति में होने वाली बातचीत के ब्योरे सार्वजनिक करने से इनकार करते हुए दावा किया कि ये मंत्रिमंडल के दस्तावेज होंगे जिन्हें अंतिम निर्णय होने से पहले सार्वजनिक नहीं बाकी पेज 8 पर

- एक आरटीआइ आवेदन के जवाब में सरकार ने कहा कि चार जनवरी, 2019 के उसके विज्ञापन के जवाब में उसे 256 आवेदन मिले हैं।

# बराबर सीटों पर लड़ेंगी भाजपा-शिवसेना

## चंद्रकांत पाटील ने कहा, फडणवीस दोनों दलों की स्वाभाविक पसंद

मुंबई, 2 जून (भाषा)।

भाजपा और शिवसेना आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बराबर संख्या में सीटों (135-135) पर चुनाव लड़ेंगी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी।

राज्य में इस साल सितंबर-अक्तूबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। राजस्व मंत्री चंद्रकांत पाटील ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस शीर्ष पद के लिए लोगों, भाजपा और शिवसेना की स्वाभाविक पसंद हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों दल 288 सदस्यीय विधानसभा में 135-135 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और 18 सीटें अन्य सहयोगी दलों के लिए छोड़ेंगे। पाटील ने कहा, '(भाजपा अध्यक्ष) अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि दोनों दल विधानसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ेंगे। हमारी पार्टी इससे पीछे नहीं हटेगी।'

उन्होंने कहा, 'हमारे बाकी पेज 8 पर


देवेंद्र फडणवीस

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

"दोनों दल 288 सदस्यीय विधानसभा में 135-135 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और 18 सीटें अन्य सहयोगी दलों के लिए छोड़ेंगे। अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि दोनों दल विधानसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ेंगे। हमारी पार्टी इससे पीछे नहीं हटेगी।
-चंद्रकांत पाटील, राजस्व मंत्री

## आइएलएंडएफएस घोटाला

# जांच एजंसी ने वित्तीय सेवा कंपनी को घेरे में लिया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

आइएलएंडएफएस घोटाले के दोषियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआइओ) ने समूह की वित्तीय सेवा अनुषंगी आइएफआइएन के शीर्ष प्रबंधन को घेरे में लिया है। एसएफआइओ का कहना है कि आइएफआइएन के शीर्ष प्रबंधन के सदस्यों ने उसके ऑडिटरों और स्वतंत्र निदेशकों की 'मंडली' के साथ मिलकर कंपनी को अपनी जागीर की तरह से चलाया और उसके साथ धोखाधड़ी की।

एसएफआइओ अधिकारियों ने कहा कि आइएलएफएस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (आइएफआइएन) का मामला तो समूह के पूरे महाघोटाले के आगे 'ऊंट के मुंह में जीरे' जैसा है। समूह में कुल बाकी पेज 8 पर

- एसएफआइओ ने आरोप पत्र में कहा : शीर्ष प्रबंधन, ऑडिटरों और स्वतंत्र निदेशकों की 'मंडली' ने लगाया चूना

## दरअसल




## विदेशी नागरिकों की होगी बारीकी से जांच

**नई अमेरिकी नीति**

## गलत जानकारी दी तो होंगे गंभीर परिणाम

# वीजा के लिए देनी होगी सोशल मीडिया इस्तेमाल की जानकारी

वाशिंगटन, 2 जून (भाषा)।

अब अमेरिका जाने वाले नागरिकों की बारीकी से जांच की जाएगी। इसके लिए शनिवार से एक नई नीति अपनाई जा रही है। अमेरिका में विदेशी नागरिकों के प्रवेश की बारीकी से जांच के लिए अपनाई नीति के तहत लगभग सभी वीजा आवेदकों को उनके सोशल मीडिया अकाउंट के बारे में भी जानकारी देनी होगी ताकि आतंकवादियों और अन्य खतरनाक लोगों को अमेरिका में प्रवेश से रोका जा सके।

विदेश विभाग ने शनिवार को एक नई नीति अपनाई जिसके तहत अस्थायी आगंतुकों समेत सभी वीजा आवेदकों को अन्य जानकारी के साथ साथ एक ड्रॉप डाउन मेनू में अपने सोशल मीडिया अकाउंट के बारे में बताना होगा। सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करने वाले आवेदकों के पास इसमें एक अन्य विकल्प मौजूद होगा, जिससे वह यह बता सकेंगे कि वह इनका इस्तेमाल नहीं करते हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने हिल टीवी को बताया कि अगर वीजा आवेदक सोशल मीडिया इस्तेमाल के बारे में झूठ बोलता है तो उसे 'गंभीर आव्रजन परिणाम' भुगतने होंगे।

अब तक इस ड्रॉप डाउन मेनू में केवल बड़े सोशल मीडिया वेबसाइटों की जानकारी होती थी, लेकिन अब इसमें आवेदकों के लिए, इस्तेमाल की जाने वाली सभी साइटों की जानकारी देने की सुविधा उपलब्ध होगी।

एक अधिकारी ने हिल टीवी को बताया, 'यह संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले सभी विदेशी नागरिकों की बारीकी से जांच के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम है।' अधिकारी ने बताया, 'हाल के वर्षों में जैसा हम लोगों ने दुनिया भर में देखा है कि आतंकवादी भावनाओं और गतिविधियों के लिए सोशल मीडिया एक बड़ा मंच बन सकता है। यह आतंकवादियों, जन सुरक्षा के खतरे और अन्य खतरनाक गतिविधियों की पहचान करने का एक उपकरण साबित होगा। इससे ऐसे लोगों को न तो आव्रजन लाभ मिलेगा और न ही अमेरिकी धरती पर पैर जमाने की सुविधा होगी।'

यह नीति मार्च 2017 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जारी एक शासनादेश के तहत बनाई गई है। विदेश मंत्रालय ने मार्च 2018 में नीति के कार्यान्वयन का इरादा जाहिर कर दिया था।



### सभी वीजा आवेदकों पर लागू

विदेश विभाग ने एक नई नीति अपनाई जिसके तहत अस्थायी आगंतुकों समेत सभी वीजा आवेदकों को अन्य जानकारी के साथ साथ एक ड्रॉप डाउन मेनू में अपने सोशल मीडिया अकाउंट के बारे में बताना होगा। इसका इस्तेमाल नहीं करने वाले आवेदकों के पास एक विकल्प मौजूद होगा, जिसमें वह यह बता सकेंगे कि वह इनका इस्तेमाल नहीं करते हैं। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अगर आवेदक सोशल मीडिया इस्तेमाल के बारे में झूठ बोलता है तो उसे 'गंभीर आव्रजन परिणाम' भुगतने होंगे।

### जम्मू में पेड़ से लटका मिला जवान का शव

जम्मू शहर के बाहरी इलाके में सेना के एक जवान का शव पेड़ से लटका मिला।

# मध्य प्रदेश में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल

भोपाल, 2 जून (भाषा)।

मध्य प्रदेश सरकार ने शनिवार रात को प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 33 आइएएस और 37 आइपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इसमें प्रदेश के 15 जिलों के कलेक्टरों और कई जिला पुलिस अधीक्षकों के भी स्थानांतरण किए गए हैं।

प्रदेश सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा शनिवार देर रात को जारी किए आदेश के तहत भोपाल जिले के कलेक्टर सुदाम पी खाड़े का तबादला मंत्रालय में अपर सचिव पद पर किया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल किसी की नियुक्ति नहीं की गई है।

इसके अलावा प्रदेश के धार, खंडवा, डिंडोरी, आगरा-मालवा, अलीराजपुर, शाजापुर, बुरहानपुर, निवाड़ी, सतना, दमोह, रायसेन, कटनी और नीमच जिले के कलेक्टरों का तबादला किया गया है। इसके

### 33 आइएएस और 37 आइपीएस अधिकारियों के तबादले किए

अलावा प्रदेश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के 37 अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। इसमें 15 जिलों शहडोल, शिवपुरी, कटनी, अनूपपुर, सिवनी, सीधी, धार, जबलपुर, खंडवा, मंदसौर, शाजापुर, बड़वानी, सिंगरौली, आगर-मालवा और भोपाल (उत्तर) के पुलिस अधीक्षक शामिल हैं।

प्रदेश सरकार ने भोपाल जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) जयदीप प्रसाद का तबादला पुलिस महानिरीक्षक, रेल के पद पर किया गया है जबकि उनके स्थान पर चंबल जोन के पुलिस महानिरीक्षक योगेश देशमुख को भोपाल जोन का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। लोकसभा चुनाव 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा प्रमख अमित शाह ने चुनाव के पहले बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तबादला उद्योग चलाने का आरोप लगाया था।

# मार्च 2020 तक देश के 84 हवाईअड्डों पर लगेंगे बॉडी स्कैनर

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

केंद्र ने देश भर के 84 हवाईअड्डों पर मार्च 2020 तक बॉडी स्कैनर लगाने का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक धातु की वस्तुओं का पता लगाने के लिए हाथ से ली जाने वाली तलाशी के अलावा हाथों में पकड़े जाने वाले स्कैनर एवं दरवाजा नुमा मेटल डिटेक्टर के स्थान पर बॉडी स्कैनर लगाए जाएंगे।

नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की ओर से सभी हवाईअड्डों को इस साल अप्रैल में भेजे गए सर्कुलर में कहा गया है, 'वॉक थ्रू मेटल डिटेक्टर एवं हाथ में पकड़े जाने वाले डिटेक्टर गैर धातु के बने हथियारों एवं विस्फोटकों का पता नहीं लगा सकते। बॉडी स्कैनर शरीर में छिपाए गए धातु एवं गैर धातु वस्तुओं को पकड़ सकते हैं।' सर्कुलर में 84 हवाईअड्डों के लिए बॉडी स्कैनर का इस्तेमाल करने के दौरान पालन की जाने वाली मानक संचालन प्रक्रियाओं का भी जिक्र किया गया है। वर्तमान में देश के करीब 105 क्रियाशील हवाईअड्डों में से 28 को अत्याधिक संवेदनशील माना गया है, जिनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई जैसे बड़े शहरों और जम्मू-कश्मीर एवं पूर्वोत्तर जैसे संघर्षरत क्षेत्रों के हवाईअड्डे शामिल हैं, वहीं 56 हवाईअड्डों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है।

सर्कुलर के मुताबिक इन 28 अति संवेदनशील तथा 56 संवेदनशील हवाईअड्डों को मार्च 2020 तक जबकि शेष हवाईअड्डों को मार्च 2021 तक बॉडी स्कैनर लगाने होंगे।

# बिहार में राजग में सब कुछ ठीक, नीतीश हमारे नेता : पासवान

पटना, 2 जून (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री और लोजपा प्रमुख राम विलास पासवान ने रविवार को कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सब कुछ ठीक है और नीतीश कुमार राज्य में हमारे नेता हैं। उन्होंने जद(एकी) नेता के केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में शामिल नहीं होने के फैसले को भी ज्यादा तवज्जो नहीं देने की बात कही।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'राजग में सब कुछ ठीक है। नीतीश कुमार हमारे नेता हैं। बहुत सारे निहितार्थ नहीं निकाले जाने चाहिए। उन्होंने (नीतीश) भी कहा है कि वह राजग में थे, हैं और रहेंगे। ...और मैं वहां मजबूती देने वाली शक्ति के रूप में हूं ही।'

यह पूछे जाने पर कि क्या वे कुमार को अपना रुख बदलकर मोदी सरकार में शामिल होने के लिए मनाएंगे, पासवान ने कहा, 'वे (कुमार) अपने फैसले करने में सक्षम हैं। इससे भी ज्यादा, समस्या कहां है जब उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि वह पूरी तरह राजग के साथ हैं।' लोक जनशक्ति पार्टी के नेता राज्य मंत्रिमंडल में हुए विस्तार से जुड़े सवाल को टाल गए। लोजपा के किसी नेता को आज हुए विस्तार में शामिल नहीं किया गया है जबकि उसके एक मात्र मंत्री पशुपति कुमार पारस लोकसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं।

पासवान ने दावा किया, 'मैं आपको बताऊं, जब (नीतीश) कुमार ने राजग सरकार बनाई थी तो मैंने उनसे यह अनुरोध नहीं किया था कि वह पारस को मंत्री बनाएं क्योंकि वह मेरा छोटा भाई है। उन्होंने (कुमार ने) ही जोर दिया था कि कुमार के अनुभव और वरिष्ठता के मद्देनजर उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में निश्चित ही लोजपा का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।' आज हुए मंत्रिमंडल विस्तार में जनता दल (एकी) के आठ विधायकों को मंत्री पद दिया गया है।

# मप्र में साल भर में बढ़े रेकॉर्ड 10 लाख हवाई यात्री

इंदौर, 2 जून (भाषा)।

देश के विभिन्न शहरों से वायु संपर्क में इजाफा होने के कारण वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान मध्य प्रदेश के पांच शहरों के सरकारी हवाई अड्डों में यात्रियों की तादाद में करीब 10 लाख का रेकॉर्ड इजाफा हुआ है। सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ, तो पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान को लेकर सूबे का बरसों पुराना इंतजार भी जल्द खत्म हो जाएगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) के आंकड़ों के मुताबिक, 31 मार्च को खत्म पिछले वित्तीय वर्ष में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, खजुराहो और ग्वालियर के हवाई अड्डों से कुल 42,83,731 लोगों ने सफर किया। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान पांचों हवाई अड्डों से कुल 32,89,712 लोगों ने यात्रा की थी।

ट्रैवल एजंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ इकाई के सचिव हेमेंद्र सिंह जादौन ने रविवार को एजंसी को बताया, गुजरे एक साल में मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों से चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, बंगलुरु, वड़ोदरा, चंडीगढ़, रायपुर, नागपुर, जोधपुर आदि गंतव्यों के लिए नई उड़ानें शुरू हुई हैं। उन्होंने बताया, विमानन कंपनियों में गलाकाट प्रतिस्पर्धा के कारण यात्रियों के लिए सस्ते टिकटों के विकल्प बढ़े हैं। इस कारण भी सूबे के लोग खासकर रेल यात्रा के बजाय हवाई यात्रा को तरजीह दे रहे हैं। इस बीच, आव्रजन (इमिग्रेशन) चेक पोस्ट के लिए सिविल प्राधिकारी की नियुक्ति की गजट अधिसूचना जारी होने के साथ ही इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे से मध्य प्रदेश की पहली अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ान शुरू होने का रास्ता भी साफ हो गया है।

हवाई अड्डे की निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया, भारत के राजपत्र में केंद्रीय गृह मंत्रालय की इस अधिसूचना के 27 मई को प्रकाशन के बाद हमारा हवाई अड्डा पहली अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। इस उड़ान के परिचालन के लिए अन्य जरूरी मंजूरियां हमें पहले ही मिल चुकी हैं। सान्याल ने बताया कि सरकारी विमानन कंपनी एअर इंडिया इंदौर और शारजाह के बीच दैनिक यात्री उड़ान का प्रस्ताव स्थानीय हवाई अड्डा प्रबंधन को पहले ही दे चुकी हैं। उम्मीद है कि एअर इंडिया तय मंजूरियां लेने के बाद इस उड़ान का परिचालन शुरू करने की जल्द घोषणा करेगी।

जानकारों का कहना है कि इंदौर-शारजाह-इंदौर उड़ान शुरू होने के बाद मध्य प्रदेश, शारजाह और इससे सटे दुबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के जरिए ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा और अन्य मुल्कों से नए हवाई मार्ग के जरिए जुड़ जाएगा। एएआइ के आंकड़ों के मुताबिक, मध्य प्रदेश में हवाई यात्रियों की तादाद में इजाफे में इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे का सबसे बड़ा योगदान है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में इंदौर के हवाई अड्डे से 31,58,938 लोगों ने सफर किया जो गुजरे वित्तीय वर्ष में मध्य प्रदेश के पांचों हवाई अड्डों की कुल यात्री तादाद का करीब 74 फीसद है।


## जनसत्ता क्लासीफाइड

### व्यक्तिगत

I,Sanjogta Arneja D/O Upkar Singh born on 19-11-1945 residing at C-1/63, Safderjung Development Area, New Delhi 110016. have changed my name to Satinder Kaur vide affidavit dated 31-05-2019 at New Delhi

0050149595-1

I,Ram Saran Dass S/o Heera Nand Chawla R/o-A-258, Upper-Ground Floor, Omvihar Phase-1A, Uttamnagar, Delhi-110059. Changed my Nameto Ram Saran Chawla.

0040497769-1

I, Maggi Popli D/o-Ramesh Popli R/o-B2B/103, Janakpuri, New Delhi-58, have changed my name to Mehar Popli.


0040497729-9

### खोया+पाया

मेरी उ.प्र. बोर्ड की कक्षा दसवीं (रोल नं. 0577963) की ऑरिजनल मार्कशीट व सनद, कक्षा बारहवीं (रोल नं. 2301607) की ऑरिजनल मार्कशीट, डायलाइसिस टेक्नोलॉजी का 1 वर्ष का डिप्लोमा, जिसका रोल नं. DL760054 है एवं अस्पताल का आई कार्ड खो गया है। प्राप्तकर्ता कृपया सुभम पंवार निवासी ए-31, सुदर्शन पार्क, नई दिल्ली, मोती नगर, वेस्ट दिल्ली को सूचित करें। मो.: 9953370414


The Indian EXPRESS Classifieds FROM ANYTHING TO EVERYTHING

EXPRESS EDUCATION










Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service Ph.23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.


# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज सियाचिन जाएंगे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

रक्षा मंत्री के तौर पर अपने पहले दौरे में राजनाथ सिंह सोमवार को सियाचिन ग्लेशियर जाएंगे और 12 हजार फुट की ऊंचाई पर सीमा की रक्षा में तैनात जवानों से मिलेंगे।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, राजनाथ सिंह के साथ सेना प्रमुख जनरल विपिन रावत भी होंगे और वे लेह में सेना की 14 कोर तथा श्रीनगर में 15 कोर के मुख्यालयों में भी जाएंगे। सेना के शीर्ष कमांडर रक्षा मंत्री को पाकिस्तान के साथ लगी नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा हालात के बारे में जानकारी देंगे और उन्हें कश्मीर में आतंकवाद निरोधक अभियानों के बारे में बताएंगे।

राजनाथ सिंह सबसे पहले लद्दाख में अधिक ऊंचाई पर स्थित थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे, जहां से वह एक ऑपरेशनल बेस जाएंगे और फिर सियाचिन ग्लेशियर जाएंगे। वहां वह सेना के फील्ड कमांडरों और सैनिकों के साथ बातचीत करेंगे।

कोराकोरुम रेंज में स्थित सियाचिन ग्लेशियर दुनिया का सर्वोच्च सैन्य क्षेत्र है जहां जवानों को अत्यधिक सर्दी और तेज हवाओं का सामना करना पड़ता है। सर्दियों में ग्लेशियर पर भूस्खलन और हिमस्खलन आम है। यहां तापमान शून्य से 60 डिग्री नीचे तक चला जाता है। रक्षा मंत्री को 14 कोर और 15 कोर में पाकिस्तान की ओर से किसी प्रतिकूल स्थिति से निपटने की भारत की तैयारी पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा।

# कठुआ मामले की सुनवाई पूरी होने के करीब

जम्मू, 2 जून (भाषा)।

जम्मू कश्मीर के कठुआ में नाबालिग बच्ची से बलात्कार और हत्या की पंजाब के पठानकोट की अदालत में चल रही सुनवाई पूरी होने के करीब है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बचाव पक्ष के वकील के सोमवार को अपनी अंतिम दलीलें पूरी करने की संभावना है। इसके बाद जेके चोपड़ा के नेतृत्व में अभियोजन टीम की ओर से संक्षिप्त समापन बयान आएगा और उसके बाद फैसला आने की संभावना है।

कठुआ में वकीलों द्वारा अपराध शाखा के अधिकारियों को आरोप पत्र दाखिल करने से रोकने के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इस मामले को जम्मू-कश्मीर से बाहर भेज दिया गया था। बीते साल जून के पहले सप्ताह में पठानकोट की जिला एवं सत्र अदालत में रोजाना कैमरे की निगरानी में मामले की सुनवाई शुरू हुई थी।

जम्मू-कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा के मामला संभालने के बाद जम्मू क्षेत्र में राजनीतिक उथल-पुथल देखी गई थी। अपराध शाखा ने एक किशोर और दो पुलिस अधिकारियों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन पर सबूत नष्ट करने का आरोप था। मामला पीडीपी-भाजपा की तत्कालीन सरकार के लिए विवाद का विषय बन गया था। मामले में अपराध शाखा द्वारा गिरफ्तार लोगों के समर्थन में हिंदू एकता मंच की रैली में भाग लेने के लिए भाजपा को अपने दो मंत्रियों चौधरी लाल सिंह और चंदर प्रकाश गंगा को बर्खास्त करना पड़ा था।

## प्रधानमंत्री ने तेलंगाना स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के लोगों को भी शुभकामनाएं दीं। लंबे आंदोलन के बाद 2014 में आंध्र प्रदेश का पुनर्गठन कर उसमें से दो राज्यों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का गठन किया गया था। राष्ट्रपति ने राज्य पुनर्गठन विधेयक को एक मार्च , 2014 को मंजूरी दी थी। तेलंगाना का गठन दो जून, 2014 को हुआ।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, 'तेलंगाना के स्थापना दिवस पर मैं इस सुंदर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। तेलंगाना अपने परिश्रमी लोगों के लिए प्रसिद्ध है, जो हमारे देश के विकास में महती योगदान दे रहे हैं। मैं तेलंगाना की प्रगति की कामना करता हूं।'

# चमोली के लामबगड में बादल फटा, एक की मौत

## भारी बारिश से आए मलबे में दबा वृद्ध

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 2 जून।

उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल के चमोली जिले के गैरसैंण के लामबगड़ क्षेत्र में रविवार की शाम पौने छह बजे बादल फटने से एक वृद्ध (80) की मौत हो गई। बादल फटने के बाद भारी तादाद में बारिश का पानी और मलबा आने से खेत बह गए।

चमोली की जिलाधिकारी स्वाती भदौरिया ने बताया कि मौके पर आपदा प्रबंधन और लोक निर्माण विभाग के बचाव दल भेज दिए गए हैं। मृतक का नाम बादल सिंह है। जो भारी बारिश से आए मलबे में दब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। मलबे से तीन सौ मीटर दूर बादल सिंह का शव मिला। कई मकान मलबे की चपेट में आने से बह गए। बादल फटने से भारी मात्रा में मलबा आने से गैरसैंण-चौखुटिया एनएच 109 सड़क मार्ग बंद हो गया। लामबगड का चमोली जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।

उत्तराखंड के पवर्तीय क्षेत्रों बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा व नैनीताल जिले के रामनगर में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। उत्तराखंड के मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि अगले 48 घंटों में उत्तराखंड के कई पवर्तीय क्षेत्रों और मैदानी क्षेत्रों में भारी बारिश, ओलावृष्टि, बिजली गिरने और आंधी आने की संभावना है।

# बेटी को नौकरी दिलाने के चक्कर में गलत जानकारी दी

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व कर्मचारी की अपनी बेटी को बीएसईएस में नौकरी दिलाने की ख्वाहिश ने उसे रिलायंस कम्यूनिकेशन्स के चेयरमेन अनिल अंबानी से जुड़े एक मामले में अदालत की वेबसाइट पर कथित रूप से गलत जानकारी देने के लिये प्रेरित कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

कोर्ट मास्टर्स के रूप में कार्य करने वाले तपन कुमार चक्रवर्ती और उसके सहयोगी मानव शर्मा ने कथित रूप से सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर एक आदेश अपलोड किया, जिसमें मानहानि के एक मामले अंबानी के पेश होने के अदालत के आदेश के बावजूद उनकी पेशी गैर-जरूरी करार दिया था। अधिकारी ने कहा कि चक्रवर्ती और शर्मा को अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने पूछताछ के दौरान पाया सेवानिवृत्ति के करीब पहुंचा चक्रवर्ती अपनी बेटी को बिजली कंपनी बीएसईएस में नौकरी दिलाना चाहता था।

हालांकि, अधिकारी ने कहा कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश में जुटी है कि किसने चक्रवर्ती को यह पेशकश की। चक्रवर्ती को जुबानी पेशकश की गई थी। 40 साल की उम्र को पहुंचे मानव ने तपन की के निर्देशों का पालन किया क्योंकि तपन मानव से वरिष्ठ था। अदालत ने सात जनवरी को इस मामले में दोनों को बर्खास्त कर दिया था। मामले की जांच अपराध शाखा कर रही है।

## निपाह वायरस नहीं, सोशल मीडिया की खबरें आधारहीन : केरल सरकार

कोच्चि, 2 जून (भाषा)।

एर्नाकुलम जिले में निपाह वायरस का एक मामला सामने आने संबंधी सोशल मीडिया की खबरों को आधारहीन बताकर इसे खारिज करते हुए, अधिकारियों ने रविवार को सभी से लोगों में दहशत नहीं फैलाने की अपील की।

एर्नाकुलम के जिला कलेक्टर मोहम्मद वाई सफिरुल्ला ने एक बयान में कहा कि निपाह वायरस के लक्षण वाले रोगियों की सामान्य चिकित्सा जांच की गई। उन्होंने कहा कि कुछ सोशल मीडिया रिपोर्टों में एर्नाकुलम जिले के एक अस्पताल में भर्ती एक मरीज में निपाह वायरस मिलने की बात की गई थी। उन्होंने कहा कि चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यदि इस तरह की जांच के आधार पर इस बीमारी की पुष्टि होती है, तो आधिकारिक तौर पर जनता को सूचित किया जाएगा और इसके प्रसार को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरती जाएगी।

# त्रिपौलिया में ठंडई पीना-पिलाना शौक नहीं, जीने की पुरानी कला है

## जब बिजली, फ्रिज आदि नहीं थे, तब लू की काट ठंडई हुआ करती थी

प्रयागराज, 2 जून (भाषा)।

भीषण गर्मी के बीच राहत के लिए एसी, कूलर, शरबत और आइसक्रीम को त्रिपौलिया की ठंडई मानो बराबरी की चुनौती देती है, जो उस जमाने से लू की काट बनी हुई है जब कहर बरपाती गरमी से निपटने के लिए आधुनिक साधन नहीं थे।

प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती ने भांग को लेकर त्रिपौलिया के बारे में लिखा है कि अगर एक किलो भांग पिसी तो तीन पाव में त्रिपौलिया और एक पाव में बाकी शहर। गर्मी से निपटने के लिए आज भी त्रिपौलिया में कुछ लोगों ने ठंडई पीने-पिलाने की परंपरा कायम रखी है।

प्रयागराज के जीरो रोड स्थित त्रिपौलिया की इस परंपरा के बारे में कांग्रेस के नेता बाबा अवस्थी ने बताया कि ठंडई पीने-पिलाने का शौक इस शहर की जीने की पुरानी कला है। जब बिजली, फ्रिज आदि नहीं थे, उस समय लू की काट ठंडई हुआ करती थी। उन्होंने बताया कि इस विधा के सबसे बड़े जानकार फिरोज गांधी हुआ करते थे.. वह ठेठ इलाहाबादी थे। जब वह इलाहाबाद में होते थे तो नियमित तौर पर त्रिपौलिया आकर भांग, ठंडई बूटी का सेवन करते थे।

अवस्थी ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री के खिलाफ इलाहाबाद से लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले पंडित राधेश्याम पाठक और खुद शास्त्री जी त्रिपौलिया आकर ठंडई का आनंद उठाते थे। उस दौर में आनंद के लिए न तो होटल हुआ करते थे और न बीयर पीने की परंपरा थी। तब मनोरंजन का यही माध्यम हुआ करता था।

त्रिपौलिया में ठंडई तैयार करने की परंपरा जीवित रखने वाले मुन्ना पाठक ने बताया कि आज घरों से सिलबट्टा बाहर हो गया है और महिलाओं के हाथ में वह ताकत नहीं रह गई कि वे सिलबट्टे पर कुछ पीस सकें। इससे ठंडई तैयार करने की विधा भी लुप्त होने के कगार पर है।

उन्होंने बताया कि भांग को घोटने में दोनों हाथ भर जाते हैं। सबसे कठिन है सौंफ और पोस्ते के दाने की पिसाई। दो-ढाई हजार बार की रगड़ के बाद ठंडई के लायक सामग्री तैयार होती है। हाल ही में सिविल लाइंस में त्रिपौलिया के लोगों ने लू फेस्टिवल का आयोजन किया, जिसमें पारंपरिक तरीके से ठंडई तैयार कर लोगों को इसका स्वाद चखाया गया।

अवस्थी ने बताया कि चौक, त्रिपौलिया, अय्यापुर, लोकनाथ में आज भी लोग लू से घबराते नहीं, बल्कि 47-48 डिग्री सेल्सियस तापमान में लू का आनंद उठाते हैं। यह लू और तापमान भी ईश्वर का प्रसाद है। इससे डर कर एसी कमरे में जाने वाले लोगों को लू 'चांप' लेती है। त्रिपौलिया में बनने वाली ठंडई के बारे में उन्होंने बताया कि कच्ची मलाई फेंटकर, इसमें खरबूज और तरबूज के बीज को घोंटकर और पोस्ते का पुट देकर ठंडई तैयार की जाती है। इसमें केसर की झरी ऊपर से डाली जाती है। इसे पीते ही शरीर में शीतलता का एहसास होता है।

अवस्थी ने कहा कि नई पीढ़ी यह जाने कि हमारे बुजुर्गों ने लू की काट के लिए जो तमाम उपक्रम दिए हैं, उनका मुकाबला कोल्ड ड्रिंक आदि नहीं कर सकते। मुन्ना पाठक का मानना है कि बरगदही अमावस से 10 दिन तक लू और गर्मी बहुत भयानक पड़ती है। यह भीषड़ गर्मी गंगा दशहरा पर समाप्त होती है। उस लू से बचने के लिए यह ठंडई बहुत कारगर है। ठंडई भांग के साथ और बगैर भांग के भी तैयार होती है।

# 'आप' और भाजपा की जनता दरबार में हाजिरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 जून।

लोकसभा चुनाव में हार-जीत के बड़े फैसले के बाद अब भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने मैदान संभाल लिया है। जहां एक तरफ दिल्ली वालें गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए घरों में बंद है, वहीं इन पार्टियों के प्रमुख नेता लोगों से मिल रहे हैं और विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। चुनाव 2020 में होना है लेकिन लोकसभा चुनाव के परिणामों ने मोर्चे को मजबूत करने के लिए पार्टियों को अभी से तैयारियों के लिए मैदान में उतार दिया है।

### एक सप्ताह में सुधरेगी तुगलकाबाद में पानी की व्यवस्था : केजरीवाल

रविवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तुगलका बाद में पदयात्रा के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया



है कि एक सप्ताह के अंदर क्षेत्र में पानी के संकट को सुधारा जाएगा। लाइन की मदद से घर तक लोगों को पानी उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर भी चर्चा की। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से मुख्यमंत्री ने पदयात्रा की शुरुआत की है। शनिवार को देवली क्षेत्र में पहुंचे थे।

### विकास की राह में रोड़ा है दिल्ली सरकारः तिवारी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने दिल्ली की सरकार को विकास की राह में बड़ा रोड़ा बताया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री योजना को रोककर दिल्ली सरकार ने आम जनता के साथ धोखा किया है। उन्होंने बताया कि बीते पांच वर्ष में भाजपा ने 50 हजार करोड़ रुपए की राशि खर्च की है। उन्होंने रविवार को पूर्वी दिल्ली में रोड शो किया।

### पार्क चलो अभियान से जनता को जोड़ेगी भाजपा

भाजपा ने पार्क चलो अभियान की शुरुआत की है। इस पहल के तहत लोगों को भाजपा के साथ जोड़ा जाएगा। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने बताया कि दिल्ली में सही मायने में तभी तेजी से विकास होगा जब केंद्र के बाद अब दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

## भाजपा नेताओं ने ममता को भेजी जय श्रीराम लिखी चिट्ठी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के बाद भाजपा का विरोध दिल्ली व कोलकाता में जारी है। रविवार को जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जय श्रीराम लिखे पत्र भेजे। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में जगह-जगह पोस्टर लगाकर इस हिंसा का विरोध जताया गया।

इस मुहिम के तहत भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने ममता बनर्जी को भगवान राम दरबार और श्रीराम मंत्र भेंट किया है उन्होंने बताया कि इसमें राम चरण पादुका मंत्र भी शामिल है। इसके साथ भेजे गए पत्र में मुख्यमंत्री को कहा गया है कि कुछ दिनों से श्री राम नाम पर भावनाओं का भड़काया जा रहा है। उससे साफ है कि ममता बनर्जी पर बुरी शक्तियों का प्रभाव बना हुआ है। जिसे केवल भगवान राम का जाप और दर्शन ही ठीक कर सकता है। इसलिए उन्हें यह पादुका भेजी गई है। अब सोमवार को भाजपा के कार्यकर्ता कोलकाता के श्यामबाजार मेट्रो 5 प्वाइंट पर इसका विरोध दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए एक 100 फुट का बैनर तैयार किया गया है। इस बैनर पर जय श्रीराम लिखा गया है और इस बैनर को श्याम बाजार मेट्रो 5 क्रासिंग पर लगाया जाएगा। यह जानकारी भाजपा प्रवक्ता तेजेंदर पाल सिंह बग्गा ने दी।

# दिल्ली के किसानों से सौतेले व्यवहार का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 जून।

कांग्रेस की ओर से कहा गया है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन के मामले में दिल्ली के किसानों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार को लेकर दिल्ली देहात में नाराजगी का आलम है। किसानों का आरोप है कि देश भर के किसानों को केंद्र सरकार की इस योजना के तहत उनके खातों में दो-दो हजार रुपए भेजे गए लेकिन उनको कोई रकम नहीं दी गई है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व किसान नेता डॉ नरेश कुमार ने दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल को एक ज्ञापन सौंपकर उनके समक्ष किसानों की नाराजगी का मामला उठाया है। अपने ज्ञापन में उन्होंने लिखा है कि केंद्र सरकार की किसानों के हक में शुरू की गई इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए लघु एवम सीमांत किसानों के अलावा अन्य किसानों को भी इसमें शामिल करने का फैसला किया है। पहले इस योजना में 12.5 करोड़ किसानों को शामिल किया गया था जबकि अब इस योजना में कुल 14 करोड़ से अधिक किसानों को शामिल कर लिया गया है। उन्होंने लिखा है कि लोकसभा चुनाव से पहले देश के अलग अलग हिस्सों के किसानों के बैंक खातों में 2000 रुपए की रकम सरकार ने डाली। लेकिन दिल्ली के किसी भी किसानों के खाते में एक भी रुपए नहीं आए। उन्होंने जानना चाहा कि क्या दिल्ली के किसान केंद्रीय कृषि मंत्रालय की परिभाषा के अनुरूप किसान नहीं हैं। और यदि किसान हैं तो उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है।

कुमार ने लिखा है कि दिल्ली के राजस्व रेकॉर्ड के मुताबिक आज भी राज्य के एक दर्जन विधानसभा क्षेत्रों के 197 गांवों के किसान सक्रिय रूप से खेतीबाड़ी करते हैं। लेकिन इनमें से किसी किसान को कोई सहायता नही दी गई है। उन्होंने उपराज्यपाल बैजल से आग्रह किया कि किसान सम्मान निधि योजना के तहत दिल्ली के किसानों को भी समान रूप से तय रकम दी जाए। उन्होंने बताया है कि इसी आशय का एक ज्ञापन उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को सौंपकर इस मामले को उठाने की गुजारिश की है।

## खबरों में शहर

### स्कूल से लौटने के बाद शिक्षक की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 जून।

बदरपुर में रहने वाले एक शिक्षक की स्कूल से लौटने के बाद मौत हो गई। शिक्षक उदय चंद्र झा की स्कूल से लौटने के बाद अचानक से तबीयत खराब हो गई थी। परिजन उन्हें ऑटो में बैठाकर बत्रा अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन बीच रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। शिक्षक संघ और परिजनों ने गर्मी से मौत होने की बात कही है। फिलहाल पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए अस्पताल में रखवा दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के मुताबिक उदय चंद्र झा अपने परिवार के साथ डीडीए एलआइजी फ्लैट मोड़बंद बदरपुर में रहते थे। परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। बड़ी बेटी ने बारहवीं पास है जबकि बड़ा बेटा दसवीं कक्षा में है और छोटा बेटा आठवीं कक्षा में है।

### तैयारी




संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा देने से पहले पढ़ती छात्रा।

### रक्षा मंत्रालय में कार्यरत युवक को बदमाशों ने गोली मारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 जून।

करोल बाग थाना थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार बदमाशों ने रक्षा मंत्रालय में कार्यरत एक कर्मचारी को गोली मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वारदात के समय घायल भारत कुमार (27) खाना खाने के बाद टहल रहे थे। जांच में पता चला है कि भरत को दो गोलियां लगी हैं। भारत का आरोप है कि उसकी एक युवती से दोस्ती है। युवती के परिजनों ने उससे दूरी बनाने के लिए कहा। इस पर उसने युवती से दूरियां बनाने से मना कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, भरत कुमार अपने परिवार के साथ करोल बाग में सपरिवार रहते हैं। वह रक्षा मंत्रालय में यूडीसी के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार रात करीब 10:00 बजे खाना खाने के बाद वह घर से टहलने निकले थे। घर से कुछ दूरी पर पहुंचे ही थे कि स्कूटी सवार बदमाशों ने उन पर तीन गोलियां चला दीं, जिसमें दो गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# दिल्ली सरकार से धन नहीं मिलने की वजह से 12 कॉलेजों पर आर्थिक संकट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 जून।

दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार अगर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों में प्रबंधन समिति (जीबी) का गठन नहीं होने पर उन्हें निधि जारी नहीं करती तो इन कॉलेजों के 2700 से अधिक शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों को इस महीने से वेतन नहीं मिलने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इन 12 कॉलेजों का पूरी तरह वित्त पोषण दिल्ली सरकार करती है। ये कॉलेज वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं और वेतन का भुगतान करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं।

कॉलेजों में जीबी के गठन के मुद्दे पर डीयू और दिल्ली सरकार के बीच गतिरोध बना हुआ है। दोनों एक दूसरे पर प्रक्रिया नहीं मानने का आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि हमारी ओर से कोई देरी नहीं हुई है। हमने कॉलेजों से जो स्पष्टीकरण मांगा है, उस पर अगर जवाब मिल जाता है तो हम आगे काम करेंगे। दिल्ली सरकार के वित्त पोषित एक कॉलेज के एक शिक्षक ने बताया कि शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों का वेतन रुका हुआ है। हमारे पास धन नहीं है। उन्होंने कहा कि इस साल ईडब्लूएस श्रेणी आने से विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा होगा लेकिन बुनियादी संरचना के विकास के लिए पैसा नहीं है। विद्यार्थियों की निश्चित संख्या के लिए ही कक्षाएं और प्रयोगशालाएं बनाई गई हैं, लेकिन अगर कॉलेज बुनियादी ढांचे का विस्तार करना चाहते हैं तो कॉलेज के पास पैसा नहीं है।

# कमल के सहारे दिल्ली की वैतरणी पार करेगी भाजपा

पंकज रोहिला
नई दिल्ली, 2 जून।

लोकसभा चुनाव में हुई बड़ी जीत के बाद अब भाजपा की नजर दिल्ली की कुर्सी पर है। ताजा समीकरणों से दावा किया जा रहा है कि इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में 50 से अधिक सीटें भाजपा की झोली में आ सकती हैं। ये आकलन लोकसभा चुनाव में हुई जीत के आधार पर किया जा रहा है। इस वजह से ही दिल्ली के लिए मुख्यमंत्री चेहरों को लेकर दौड़भाग भी शुरू हो गई है।

हालांकि तर्क यह दिया जा रहा है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा 'मोदी चेहरा और कमल निशान' के साथ ही मैदान में होगी। दावा किया जा रहा है कि 20 साल बाद इस बार दिल्ली में भाजपा के पक्ष हवा है। इसलिए पार्टी 6 माह तक यह असर बनाकर रखना चाहती है। बार-बार चेहरों का बदलाव कर भाजपा पहले ही नुकसान उठा चुकी है। इसलिए सूत्र भी मान रहे हैं कि 'मोदी चेहरा- कमल निशान' के साथ ही इस बार दिल्ली के मैदान में उतरा जाए। हालांकि लोकसभा चुनाव में हुई जीत के बाद से ही नेताओं ने अपना दम दिखाना शुरू कर दिया है।

**मुख्यमंत्री पद के लिए तेज हुई दिल्ली के नेताओं की दौड़**

**नेता काम दिखाकर ठोक रहे हैं पद के लिए दावा**

पार्टी के पास इस समय तीन बड़े चेहरे हैं है। इन चेहरों में खुद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी का है। ये उत्तर पूर्व दिल्ली से सांसद हैं और दूसरी बार संसद पहुंचे हैं। इनके कार्यकाल में ही भाजपा ने 2019 लोकसभा की जीत पाई है। तिवारी की संगीतकार व कलाकार होने के नाते पूर्वांचल के लोगों में इनकी अच्छी पकड़ी है।

### पहले किरण बेदी को उतारा था

20 साल से भाजपा सत्ता से दूर है। सबसे पहले भाजपा ने अपना दिल्ली का चेहरा डॉ हर्षवर्धन को बनाया था। लेकिन बाद में इसमें बदलाव कर दिया था। बीते विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पूर्व आइपीएस अधिकारी किरण बेदी को उतारा था। 2015 में किरण बेदी भाजपा में आई थीं और इसके बाद पार्टी ने इन्हें अपना मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया था। इसकी वजह पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं के अंदर नाराजगी थी। इसका बड़ा नुकसान विधानसभा चुनाव में भाजपा को उठाना पड़ा था। इससे पूर्व भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना 1996 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री थे। साहिब सिंह वर्मा 2 वर्ष 228 दिन के लिए और 1998 में 52 दिन के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता सुषमा स्वराज भी दिल्ली की मुख्यमंत्री बन चुकी हैं।

# मेट्रो और डीटीसी बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा कराने की तैयारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 जून।

दिल्ली सरकार बिजली के बाद अब महिलाओं को मेट्रो और डीटीसी बसों में मुफ्त में सफर कराने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पदयात्रा के दौरान दिल्ली की जनता से वादा किया है। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि इससे अधिक लोगों को सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा।

अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस एलान को आम आदमी पार्टी (आप) का मास्टर कार्ड माना जा रहा है क्योंकि इससे पूर्व तमाम अटकलों के बीच दिल्ली सरकार ने बिजली की 400 यूनिट तक खपत नियंत्रित करने वाले मतदाताओं को ऐसी ही राहत दी थी और सस्ती बिजली उपलब्ध कराई थी। हालांकि इन उपभोक्ताओं के लिए बिजली के बिलों में फिक्स चार्ज अधिक महंगे साबित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इन चार्ज में भी कमी लाने का आश्वासन दिया है। इस मामले में दिल्ली सरकार का कहना है कि इस व्यवस्था को लागू करने के लिए दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के साथ मंत्रणा चल रही है। इसके बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिल में और कमी आएगी।

### 'आप' सरकार का शिगूफा : भाजपा

दिल्ली में चुनाव से ठीक पहले महिलाओं को मुफ्त मेट्रो सुविधा देने की योजना को भाजपा ने 'आप' सरकार का शिगूफा बताया है। विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस योजना को लागू करने के लिए 6 माह का समय मांगने का अर्थ है कि यह मामला चुनाव के समय में सस्ती लोकप्रियता बटोरने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि 4 साल से अधिक समय के कार्यकाल में दिल्ली सरकार ने इस योजना को लागू नहीं किया।

मुख्यमंत्री का कहना है कि सरकार डीटीसी बसों और दिल्ली मेट्रो में महिलाओं को किराए से छूट देने पर विचार कर रही है ताकि उनकी सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने बताया कि अगले महीने नया शुल्क निर्धारित किया जाना है। हमने डीईआरसी से फिक्स चार्ज को पहले के स्तर पर लाने को कहा है और इस पर उनके राजी होने की संभावना है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए मासिक फिक्स शुल्क 2 किलोवाट तक के लिए 20 रुपए से बढ़ा कर 125 रुपए कर दिया गया। दिल्ली सरकार ऐसे उपभोक्ताओं को सबसिडी मुहैया करती है।

# डीयू : पीजी, एमफिल और पीएचडी में दाखिले के लिए आज से पंजीकरण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 जून।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने 30 मई को स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिलों के लिए पंजीकरण शुरू कर दिए थे। विश्वविद्यालय सोमवार से स्नातकोत्तर (पीजी), एमफिल और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू करने जा रहा है। इन सभी पाठ्यक्रमों में पंजीकरण के लिए आवेदकों को दो सप्ताह का समय मिलेगा। डीयू के अधिकारी के मुताबिक, विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर के 85 से अधिक पाठ्यक्रम चलते हैं, जिनमें ईडब्लूएस कोटा लागू होने के बाद करीब 12,000 सीट हो गई हैं। एमफिल और पीएचडी पाठ्यक्रमों में विभागों में खाली जगह के अनुसार सीटें उपलब्ध होंगी।

इन सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिले होंगे। इस साल राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) डीयू के 11 स्नातक पाठ्यक्रमों सहित 180 से अधिक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन करेगी। डीन (परीक्षा) विनय गुप्ता ने बताया कि प्रवेश परीक्षाएं 22 जून से 6 जुलाई तक आयोजित होंगी। गुप्ता ने बताया कि परीक्षाएं प्रतिदिन तीन सत्रों में होंगी और परीक्षा केंद्रों पर जैमर तथा सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। दो घंटे की लिखित परीक्षा में बहुविकल्पी प्रश्न (एमसीक्यू, चार विकल्पों वाले) होंगे।

### स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 1.60 लाख से अधिक हुए पंजीकरण

डीयू में रविवार शाम छह बजे तक स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 1.60 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके थे। पंजीकरण की शुरुआत 30 मई शाम को हुई थी। डीयू से मिली जानकारी के मुताबिक, रविवार शाम छह बजे तक कुल 1,63,597 पंजीकरण हो चुके थे जबकि 78,066 आवेदकों ने शुल्क का भुगतान कर पंजीकरण पक्का कर लिया था। पंजीकरण करने वालों में 50057 गैर आरक्षित आवेदक थे जबकि ओबीसी 13,028, एससी 11,269, एसटी 2,361 और ईडब्लूएस श्रेणी के 1,357 आवेदक थे।

### आज जारी होगी विवरणिका

डीयू के छात्र कल्याण डीन प्रोफेसर राजीव गुप्ता ने बताया कि सोमवार को स्नातकोत्तर, एमफिल और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाले पंजीकरण से पहले दाखिला पोर्टल पर विवरणिका डाल दी जाएगी। इसमें ही प्रवेश से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी।

# गरमी से बचने के लिए शीतल पेय पदार्थों का सहारा

निर्भय कुमार पांडेय
नई दिल्ली, 2 जून।

दिल्ली में पिछले एक सप्ताह से तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस के पार है। राजधानी में गरमी के कहर से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बुजुर्गों और बच्चों को खासी दिक्कतें हो रही हैं। वहीं, वे लोग भी कहीं अधिक परेशानी का सामना कर रहे हैं, जो दूसरे राज्यों से दिल्ली घूमने के लिए आए हैं। इस भीषण गरमी में तरावट के लिए लोग शीतलपेय पदार्थों का अधिक सेवन कर रहे हैं। यही कारण है कि शिकंजी, गन्ने का जूस, बेल का रस और लस्सी की मांग बढ़ गई है। साथ ही डॉक्टर भी लोगों को सलाह दे रहे हैं कि गरमी से बचने के लिए बाहर कम से कम निकलें। अगर निकलना जरूरी है तो सेहत का ध्यान रखें। अधिक से अधिक शीतल पेय पदार्थ और उन वस्तुओं का सेवन करें, जिससे शरीर में तरावट बनी रहे।

राजधानी के लोग गरमी से बचने के लिए पारंपरिक तरीके भी अपना रहे हैं। कुछ लोग लस्सी का प्रयोग भी कर रहे हैं, ताकि शरीर में तरावट बनी रहे। साथ ही उन खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज कर रहे हैं, जो गरमी के मौसम में लोगों को नुकसान पहुंचाए। डॉक्टरों की भी सलाह है कि ऐसे पदार्थों का सेवन करने से बचें, जो ताजे न हों।

भीषण गरमी के दौरान डायरिया होने की संभवना अधिक होती है। यही कारण है कि लोगों को पेय पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। साथ की सड़क पर खुले में मिलने वाला खाद्य पदार्थ के सेवन से जहां तक संभव हो परहेज करना चाहिए।

**शिकंजी, गन्ने का जूस, बेल का रस और लस्सी है लोगों को पसंद**

**तरबूज और खरबूज खाकर गरमी में तरावट महसूस कर रहे हैं लोग**

### तरबूज और खरबूज की मांग बढ़ी



शीतल पेय पदार्थों के साथ बाजारों में तरबूज और खरबूज की मांग बढ़ गई है। खीरा और ककड़ी भी लोग तपिश मिटाने के लिए अधिक सेवन कर रहे हैं। यही कारण है कि जहां बाजार में पहले तरबूज 15-25 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा था। गरमी में मांग बढ़ने के साथ कीमतों में वृद्धि हो गई है। इस समय तरबूज जहां 30-35 रुपए प्रति किलो की दर से बाजार में उपलब्ध है। वहीं, खरबूज के दाम में भी पांच से दस रुपए का इजाफा हो गया है। हालांकि, खीरा 15-20 रुपए और ककड़ी 20-30 रुपए प्रति किलो की दर से बेची जा रही हैं।

### चने के सत्तू की मांग

राजधानी के कई चौक-चौहरों या फिर पर्यटन स्थलों के बाहर चने के सत्तू की भी मांग बढ़ गई है। कई लोग सत्तू का सेवन गले की प्यास बुझाने के लिए कर रहे हैं। चने का सत्तू पेट के लिए भी फायदेमंद रहता है। साथ ही एक बार सेवन कर लेने से कुछ समय के लिए भूख भी नहीं लगती। यही कारण है कि बढ़ते तापमान के साथ राजधानी के लोग तपिश मिटाने के लिए उन खाद्य पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, जो सहेत के लिए भी फायदेमंद है।



**INDIAN INSTITUTE OF PETROLEUM & ENERGY (IIPE)**
(2nd Floor of Andhra University College of Engineering Administrative Block)
VISAKHAPATNAM 530003

**ADMISSION NOTIFICATION 2019-20**

**Indian Institute of Petroleum & Energy, Visakhapatnam, Andhra Pradesh, an Institute of National Importance at par with IITs, IIMs under Ministry of Petroleum & Natural Gas**, Govt of India calls for admissions for the academic year 2019-20 for **4-year B.Tech. (Petroleum Engineering) and B.Tech. (Chemical Engineering) Programs**. Aspirant studentswho get Rank in JEE(Advanced)2019 can go through the admission notification in the web site of IIPE – www.iipe.ac.in for the admission criterion and other details from 13th June 2019 onwards for applying on line. **DIRECTOR**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
India's International Bank
सीएफएस शाखा, प्रथम तल, बैंक ऑफ बड़ौदा भवन, 16, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

सार्वजनिक सूचना

सदंर्भः एनपीए खाता एमटेक ऑटो लिमिटेड, शाखा : कॉरपोरट फाईनेशियंल सर्विस शाखा जानबूझकर डिफॉल्टकर्ता की फोटो प्रकाशन

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा निम्नांकित व्यक्तियों को बैंक / रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के दिशा-निर्देशानुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए जानबूझकर डिफॉल्टकर्ता घोषित किया गया है।

मैसर्स एमटेक ऑटो लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः 16, औद्योगिक ईस्टेट, रोज़का मेओ (सोहना), मेवात, जिला गुड़गांव – 122103, हरियाणा, कॉर्पोरेट कार्यालयः 3, लोकल शॉपिंग सेंटर, पंपोश एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश- I, नई दिल्ली – 110048 और इसके प्रमोटर निदेशक (1) श्री अरविंद धाम, निवासी : बी-7, गीताजंली एनक्लेव, नई दिल्ली-110017



बैंक ने उक्त व्यक्तियों को जानबूझकर डिफॉल्टकर्ता घोषित करने के निर्णय सम्बंधी उपयुक्त संचार भेजा था।
रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया के निर्देशानुसार जनसाधारण की सूचना के लिए बैंक जानबूझकर डिफॉल्टकर्ता की फोटोग्राफ प्रकाशित करता हैं।
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



मुंबई में रविवार को छत्रपति शिवाजी टर्मिनस पर मुंबई से पुणे जाने वाली पहली एक्सप्रेस ट्रेन की 90वीं सालगिरह की खुशी मनाती महिला यात्री।

# पांच महीने में 101 आतंकी मारे गए, 50 नए भर्ती हुए

## मरने वालों में 23 विदेशी और 78 स्थानीय आतंकी शामिल

श्रीनगर, 2 जून (भाषा)।

इस साल के पहले पांच महीने में कश्मीर में 23 विदेशी समेत 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं, लेकिन सुरक्षा एजंसियों की चिंता बड़ी संख्या में आतंकवादियों की भर्ती को लेकर है।

अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मार्च महीने से 50 युवक अनेक आतंकी संगठनों में शामिल हो चुके हैं और सुरक्षा एजंसियों को उन तक जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति रोकने का बेहतर तरीका खोजना होगा।अधिकारियों ने कहा कि 2019 में 31 मई तक 101 आतंकी मारे गए, जिनमें 23 विदेशी और 78 स्थानीय आतंकी शामिल हैं। इनमें अल-कायदा से जुड़े समूह अंसार गजवातुल हिंद का प्रमुख जाकिर मूसा जैसे शीर्ष कमांडर शामिल हैं।

हालांकि अधिकारियों के मुताबिक हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकियों के अंसार गजवातुल हिंद में शामिल होने के मामले बढ़ गए हैं। 23 मई को मूसा के मारे जाने के बाद खासतौर पर ये मामले देखे गए हैं। आतंकवाद से मुकाबला करने या इसके लिए रणनीति बनाने में शामिल अधिकारियों का मानना है कि आतंकवाद निरोधक नीति पर पुनर्विचार की जरूरत है। इसके अलावा युवाओं को आतंकवाद की बुराइयां समझाने के लिए उनके तथा उनके माता-पिता के साथ बात करने की जरूरत है।

मारे गए आतंकवादियों में सर्वाधिक शोपियां से हैं, जहां 16 स्थानीय आतंकियों समेत 25 आतंकवादी मारे गए। पुलवामा में 15, अवंतीपुरा में 14 और कुलगाम में 12 आतंकी मारे गए। हालांकि दक्षिण कश्मीर के इन अति संवेदनशील क्षेत्रों से युवाओं के विभिन्न आतंकी समूहों में शामिल होने का सिलसिला भी जारी है।

अधिकारियों ने कहा कि घुसपैठ भी बढ़ रही है और कुछ आतंकी जम्मू क्षेत्र के पुंछ और राजौरी जिलों तथा कश्मीर घाटी में एलओसी (नियंत्रण रेखा) से आतंकी घुसपैठ में सफल रहे। इससे सुरक्षा बलों के लिए बहुत चिंताजनक स्थिति पैदा हो गई है, जो खुद को इस महीने के आखिर में शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा के लिए तैयार कर रहे हैं।

घाटी में 2010-2013 की तुलना में 2014 से युवाओं के हथियार उठाने के मामले बढ़े हैं। पुलवामा में 14 फरवरी के आतंकी हमले के बाद अधिकारियों को लगता है कि आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के बाद इन स्थानों पर स्थानीय लोगों के प्रदर्शन तथा पथराव देखे गए। आतंकियों को सुपुर्दे खाक करते समय भी बड़ी संख्या में लोग जमा हुए। पूरे घटनाक्रम से ऐसा माहौल बन सकता है जो नए आतंकियों की भर्ती के लिए मुफीद बन जाए।

# माओवादियों के साथ मुठभेड़ में एसएसबी जवान शहीद

## पांच माओवादी जख्मी हुए

दुमका, 2 जून (भाषा)।

झारखंड के दुमका जिले में रविवार को तड़के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया जबकि चार अन्य जख्मी हो गए।

पुलिस अधीक्षक वाईएस रमेश ने बताया कि मुठभेड़ में पांच माओवादी जख्मी हुए हैं लेकिन वे तलदंगल के जंगल में भाग गए जहां खोज अभियान अभी चल रहा है। उन्होंने बताया कि माओवादियों ने एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम पर तड़के साढ़े तीन बजे गोलीबारी की। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी गोलीबारी की। मुठभेड़ के दौरान, एसएसबी के पांच जवान गोली लगने की वजह से घायल हो गए, जिनमें से असम के सोनीपत जिले के रहने वाले नीरज छेत्री शहीद हो गए।

एसएसबी ने एक बयान में कहा कि चार अन्य घायलों में से राजेश कुमार राय और करण कुमार को बेहतर इलाज के लिए विमान से रांची लाया गया जबकि सोनू कुमार और सतीश गुज्जर दुमका के सदर अस्पताल में भर्ती हैं। मुख्यमंत्री रघुबर दास ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि देते हुए कि पूरा राज्य शोकसंतप्त परिवार के साथ है।उन्होंने कहा कि राज्य माओवाद की समस्या को जड़ से मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# महात्मा गांधी को लेकर आइएएस अधिकारी के ट्वीट पर विवाद

मुंबई, 2 जून (भाषा)।

कांग्रेस और राकांपा ने महात्मा गांधी को लेकर विवादित ट्वीट करने के लिए आइएएस अधिकारी को निलंबित करने की मांग की है। अधिकारी ने ट्वीट में महात्मा गांधी की प्रतिमाएं हटाने का अनुरोध करते हुए उनके हत्यारे नाथूराम गोडसे को धन्यवाद दिया था।

बृहनमुंबई नगरपालिका की उपनगर आयुक्त निधि चौधरी ने ट्वीट कर पूरी दुनिया से महात्मा गांधी की प्रतिमाएं और भारतीय मुद्रा से उनकी तस्वीरें हटाने की मांग की थी। उन्होंने गोडसे को धन्यवाद भी दिया था। हालांकि बाद में उन्होंने इस ट्वीट को हटा दिया।

अधिकारी ने विवाद खड़ा होने के बाद स्पष्टीकरण देते हुए ट्वीट किया कि यह महज व्यंग्य था और इसे तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक चव्हाण और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता जितेंद्र अव्हाड ने अधिकारी के निलंबन की मांग की।

पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण ने रविवार को कहा, 'ट्वीट निंदनीय है। यह उनकी गिरी हुई सोच को दर्शाता है। इसी समय इन विचारों को रोकने की जरूरत है।' चव्हाण ने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए, जो इस बात से दिखाई देगा कि वह अधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है।उन्होंने कहा, 'सरकार को बताना चाहिए कि वह गांधी की विचारधारा के साथ है या गोडसे की।' इससे पहले शनिवार को राकांपा नेता जितेंद्र अव्हाड ने अपमानजनक ट्वीट करने और गोडसे को महिमामंडित करने के लिए चौधरी को निलंबित करने की मांग की थी।

जितेन्द्र ने कहा था, 'उन्होंने गांधीजी के बारे में अपमानजनक ट्वीट कर गोडसे को महिमामंडित किया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।'

# दलित युवक का आरोप, रिश्तेदार ने पत्नी को घर में बंद कर रखा है

पलक्कड़ (केरल), 2 जून (भाषा)।

राज्य के 28 वर्षीय एक दलित युवक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि रिश्तेदार उसकी पत्नी को घर में बंद करके रखे हुए हैं क्योंकि उसने खुद से छोटी जाति के लड़के से शादी कर ली है।

पलक्कड जिले के पत्ताम्बी निवासी शाजी का कहना है कि उसने लड़की के परिजन के विरोध के बावजूद दो मई को एझवा समुदाय की एक लड़की से शादी कर ली। वहीं दूसरी ओर लड़की के रिश्तेदारों ने उसके लापता होने का मामला दर्ज कराया है। युवती ने इससे पहले पुलिस से कहा था कि वह अपने पति के साथ रहना चाहती है।

शाजी ने एक टीवी चैनल को बताया कि युवती के बयान के आधार पर पुलिस ने पिछले महीने उसे पति के साथ जाने दिया था। उसने कहा, 'लेकिन उसके तुरंत बाद, युवती के रिश्तेदार उसे जबरन अपने घर वापस ले गए। तभी से उसे घर में कैद कर रखा है।'


एचडीबी फाइनांसियल सर्विसेस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः राधिका, 2रा तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, पिन कोड-380009
शाखा कार्यालयः एचडीएफसी बैंक, 1ला तल, 3रा पार्क स्ट्रीट, पिंक सिटी पेट्रोल पम्प के सामने, एमआईरोड, जयपुर, राजस्थान-302006

**सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना**

आप नीचे वर्णित ऋणधारक तथा सह-ऋणधारक तथा गारन्टर ने अपनी अचल सम्पत्तियों (प्रतिभूतियों) को गिरवी रखकर एचडीबी फाइनांसियल सर्विसेस से ऋण(णों)/वित्तीय सुविधा(एँ) प्राप्त की है तथा उसे वापस लौटाने में चूक की है। आपकी चूक के उपरांत आपके ऋणों को गैर-प्रचालन परिसम्पत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। तदुपरान्त, कम्पनी ने वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी की जिसका विषय-वस्तु प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 (1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (2) के अनुसार प्रकाशित किया जा रहा है तथा वैकल्पिक सेवा के माध्यम से आपको सूचित किया जा रहा है।

ऋणधारकों, सह-ऋणधारकों, ऋण खाता सं., ऋण राशि, धारा 13 (2) के अंतर्गत मांग सूचना तिथि, सूचना में दावा की गई राशि, एनपीए तिथि एवं प्रतिभूतियों का विवरण इस प्रकार हैः

1. **ऋणधारक एवं सह-ऋणधारक का नामः** कूपा राम चौधरी एवं झीमा चौधरी, प्लॉट नं. 21, विवेकानंद कॉलोनी, ग्राम चोपासनी, खसरा नं. 146, पाल रोड, जोधपुर-342001, ऋण खाता सं. 638436,, 435644 एवं 1417116; ऋण राशिः रु. 10947115 (रुपए एक करोड़ नौ लाख सैंतालिस हजार एक सौ पंद्रह मात्र) ऋण खाता सं. 638436 द्वारा तथा रु. 3857926 (रुपए अड़तीस लाख सत्तावन हजार नौ सौ छब्बीस मात्र) ऋण खाता संख्या 1417116 द्वारा **मांग सूचना तिथिः** 23.5.2019, मांग की गई राशि दोनों खाताओं में रु. 13846852 (रुपए एक करोड़ अड़तीस लाख छियालिस हजार आठ सौ बावन मात्र) 10 मई, 2019 को तथा अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज आदि के साथ वास्तविक वसूली तक अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज; एनपीए तिथिः 5.4.2019, प्रतिभूति का विवरणः सम्पत्ति सं. 1ः भूमि रूपांतरण कार्यालय- जोधपुर में 24.1.2013 को क्रम सं. 1027 में पंजीकृत दस्तावेज के माध्यम से कूपा राम के नाम में दर्ज प्लॉट नं. 21, विवेकानंद कॉलोनी, ग्राम चोपासिनी, खसरा नं. 146, पाल रोड, जोधपुर-342001 का सभी भाग तथा हिस्सा, माप 266.66 वर्ग यार्ड्स अर्थात 222.96 वर्ग मी., सम्पत्ति की चौहद्दीः पूर्वः प्लॉटनं. 22, पश्चिमः प्लॉट नं. 20, उत्तरः रोड 25, दक्षिणः प्लॉट नं. 30. सम्पत्ति सं. 2.ः श्रीमती झीमा चौधरी के पक्ष में यूआईटी जोधपुर द्वारा निष्पादित पंजीकृत पट्टा प्रलेख सं. 2141 तिथि 6 नवंबर, 2002 के माध्यम से प्लॉट नं. 803/16, खसरा नं. 773, ग्रेम खेमा का कुआ, जोधपुर का सभी भाग तथा हिस्सा। माप 210.41 वर्ग यार्ड्स।

अतएव, आप ऋणधारकों, सह-ऋणधारक तथा मार्टगैजर को निर्देश दिया जाता है कि इस सूचना के 60 दिनों के भीतर यहां ऊपर वर्णित आगे के ब्याज के साथ उपरोक्त मांग की गई सम्पूर्ण राशि का भुगतान करें जिसमें विफल होने पर अधोहस्ताक्षरी ऊपर वर्णित प्रतिभूतियों को प्रवर्तित करने के लिए अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाई करने के लिए बाध्य होंगे।

**(ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।)**

कृपया, ध्यान रहे कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के अंतर्गत आप हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य रूप से उपरोक्त प्रतिभूतियों को अंतरित करने के अधिकार से वंचित हैं तथा अधिनियम की धारा 13 (13) का उल्लंघन उक्त अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

**किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए सम्पर्क करें:**
**श्री प्रशांत राठोर, फोनः 9928818000**

हस्ता./-
स्थानः मुम्बई
तिथिः 3.6.2019
एचडीबी फाइनांसियल सर्विसेज लिमिटेड के लिए
(प्राधिकृत अधिकारी)


# लोकसभा में राहुल को कमान सौंपना चाहती है कांग्रेस

## हिंदी भाषी राज्यों से नहीं जीतकर आए पार्टी के ज्यादा सांसद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफे की पेशकश कर चुके राहुल गांधी पर लोकसभा में पार्टी की कमान संभालने का दबाव बढ़ता जा रहा है। हिंदी भाषी राज्यों में पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाने के मद्देनजर उसके पास निचले सदन में ऐसे नेता का सख्त अभाव है जो अंग्रेजी के अलावा बेहतर हिंदी भी बोल सके। राहुल यह काम बखूबी कर सकते हैं और तमाम पार्टी सांसदों की भी यही राय है कि किसी और सांसद के बदले गांधी खुद ही विपक्ष की लड़ाई लड़ें।

कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में शनिवार को सोनिया गांधी को एक बार फिर से पार्टी के संसदीय दल का अध्यक्ष चुना गया। पहले ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि अध्यक्ष पद छोड़ने पर अड़े राहुल को यह कुर्सी दी जा सकती है लेकिन समझा जा रहा है कि वरिष्ठता के मद्देनजर सोनिया गांधी को ही इस पद के योग्य समझा गया। लेकिन जहां तक लोकसभा में पार्टी के नेता पद का सवाल है तो राहुल ही पार्टी की पहली पसंद हैं।

सूत्रों का कहना है कि विपक्ष का नेता पद हासिल करने के लिए कम से कम 54 सांसद होने चाहिए जबकि कांग्रेस के सांसदों की संख्या कुल 52 ही है। ऐसे में पार्टी अपनी ओर से विपक्ष के नेता पद पर न तो दावा करने की स्थिति में है और न ही वह करेगी। उन्होंने यह जरूर कहा कि जिस प्रकार राहुल ने संसदीय दल की बैठक में सांसदों में जोश भरा और सरकार से इंच-इंच लड़ाई लड़ने का आह्वान किया, उससे ही यह संदेश मिल गया कि वे लोकसभा में पार्टी का नेता पद संभालने के लिए तैयार हैं और पार्टी के सांसद भी यही चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के ज्यादातर सांसद दक्षिण भारत से जीतकर आए हैं जो अच्छी हिंदी नहीं बोल पाएंगे। पंजाब से मनीष तिवारी जरूर ऐसे सांसद बने हैं जो बेहतर वक्ता साबित हो सकते हैं लेकिन राहुल के रहते उन्हें यह जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना बहुत कम है।

सूत्रों ने कहा कि विपक्ष का नेता पद नहीं मिलने के बावजूद संसद में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ही है। ऐसे में इसके नेता को बैठने की जगह भी सदन में आगे मिलेगी और हर मामले में पार्टी का पक्ष रखने का मौका भी मिलेगा। मुख्य विपक्षी दल के तौर पर अन्य विपक्षी दलों को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी निभाने का मौका भी उसको मिलेगा। जाहिर तौर पर राहुल गांधी के लिए यह पद खुद उनके सियासी करियर के लिए और पार्टी की आगे की लड़ाई के लिए भी अच्छा रहेगा।

ऐसी चर्चा है कि कांग्रेस द्रमुक के हिस्से में आई वेल्लोर की सीट खुद चुनाव लड़ने के लिए मांग सकती है ताकि वह विपक्ष के नेता पद के लिए तय संख्या के करीब पहुंच सके। दूसरी ओर किसी छोटे दल का उसके साथ विलय हो गया तो उस सूरत में भी उसके लिए विपक्ष का नेता पद हासिल करना आसान हो जाएगा। पांच सीटों वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से इस बारे में बातचीत की खबरें लगातार आ रही हैं।

# विदेशियों के लिए एक हजार न्यायाधिकरण की स्थापना में असम की मदद करेगा केंद्र

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

केंद्र 31 जुलाई तक विदेशियों के लिए 1,000 विदेशी न्यायाधिकरण (फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल्स) की स्थापना करने में असम सरकार की मदद करेगा। राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) का प्रकाशन भी 31 जुलाई को ही किया जाएगा। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। जिन लोगों के नाम अंतिम एनआरसी में छूट गए हैं वे इस बारे में समूचे असम में स्थापित किए जा रहे इन न्यायाधिकरणों में गुहार लगा सकते हैं।

गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय में सचिव (सीमा प्रबंधन) बीआर शर्मा ने ई-फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल्स और 1,000 अतिरिक्त विदेशी न्यायाधिकरण के निर्माण संबंधी असम सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए हाल में बैठक आयोजित की थी।

केंद्र सरकार भी अवैध प्रवासी घोषित किए गए लोगों के लिए ई-फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल्स की स्थापना संबंधी राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी देने की प्रक्रिया है।

31 जुलाई को अंतिम एनआरसी के प्रकाशन के बाद न्यायाधिकरण की आवश्यकता होगी। एनआरसी असम के निवासियों की सूची है। 30 जुलाई 2018 को एनआरसी मसौदे के प्रकाशन के बाद 40.7 लाख लोगों के नाम इस सूची में नहीं होने से भारी विवाद हुआ था। मसौदा एनआरसी में 2.9 करोड़ लोगों के नाम शामिल हैं जिनमें 3.29 करोड़ लोगों ने आवेदन किया था। गृह मंत्रालय 1,000 विदेशी न्यायाधिकरण की स्थापना कर असम सरकार की मदद करेगा।

हाल में सुप्रीम कोर्ट ने 1,000 विदेशी न्यायाधिकरणों की स्थापना को लेकर असम सरकार की योजना पर सवाल उठाया था।

# वाहन उद्योग ने जीएसटी घटाने की मांग उठाई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

बिक्री में गिरावट के दौर से गुजर रहा घरेलू वाहन उद्योग चाहता है कि सरकार जुलाई में बजट में वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर को घटाकर 28 से 18 फीसद करे। नई सरकार अपना पहला बजट जुलाई में पेश करने वाली है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने सरकार से प्रदूषण नियंत्रण के लिए पुराने वाहनों को कबाड़ करने को प्रोत्साहन आधारित नीति लाने की मांग की है।

वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बजट पूर्व बैठक में सियाम ने यह मांग रखी कि सभी वाहनों पर जीएसटी की दर को 28 से घटाकर 18 फीसद पर लाया जाए। उद्योग के एक कार्यकारी ने कहा कि कर की दर को नीचे लाने से वाहनों के दाम घटेंगे, जिससे मांग बढ़ेगी, जो पिछले 11 माह से सुस्त पड़ी हुई है।

अप्रैल में यात्री वाहनों की बिक्री में 17.07 फीसद की गिरावट आई, जो बीते आठ साल में अधिक गिरावट है। इससे पहले अक्तूबर, 2011 में यात्री वाहनों की बिक्री में इससे अधिक गिरावट देखी गई थी। नकदी संकट, चुनाव से पहले उपभोक्ताओं की धारणा कमजोर होने व दाम बढ़ने की वजह से मांग प्रभावित हुई है।


हनुमन्ता इन्फ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 519, 1 मंजिल, सेक्टर-15, हिसार-125001, हरियाणा
CIN: U40107HR2010PTC050020, ईमेल आईडी: bgpower@yahoo.com

फॉर्म सं0. आईएनसी-26
[कंपनीज़ (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
केंद्रीय सरकार के समक्ष
क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र
कंपनीज़ अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कंपनीज़ (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (ए) के मामलें में
तथा
हनुमन्ता इन्फ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय 519, 1 मंजिल, सेक्टर-15, हिसार-125001, हरियाणा में है के मामलें में
.....याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को "हरियाणा राज्य" से "दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र" में स्थानान्तरित करने के सक्षम बनाने हेतु कंपनीज़ अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अन्तर्गत 31 मई, 2019 को आयोजित कंपनी की असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुकूल, केंद्रीय सरकार के समक्ष कंपनी की संस्था बहि नियमावली में परिवर्तन करने की याचिका प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है तो **वह निवेशक शिकायत फॉर्म फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या शपथ पत्र द्वारा समर्थित उसके हित की प्रकृति एवं विरोध का आधार बताते हुए, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के अन्दर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2 फ्लोर, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003 को पंजीकृत डाक द्वारा सूचित करें, और एक प्रतिलिपि आवेदक कंपनी के निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पर भेजी जानी चाहिए।

"519, 1 मंजिल, सेक्टर-15, हिसार-125001, हरियाणा"

कृते हनुमन्ता इन्फ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
(मनोज कुमार महिपाल)
निदेशक
(DIN:05304540)
आर/ओः हाउस नं0. 11/135, गली नं0. 2 बेगू रोड, ग्रेवाल बस्ती सिरसा-12355, हरियाणा
स्थानः हिसार
तिथिः 03.06.2019



ब्रिज एंड रूफ कं0 (इंडिया) लि0
बी एण्ड आर B AND R
(भारत सरकार का उपक्रम)
CIN No. U27310WB1920GOI003601
"कांकरिया सेंटर", (4था व 5वां तल), 2/1, रसेल स्ट्रीट, कोलकाता-71

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (ई-निआसू) सं0 : मैट (पी)/ ईआरई/ आईओसीएल/ 71102/ एफएबी-एसटीआरएल/ 01 दिनांक : 03.06.19**

"गुवाहाटी रिफाइनरी, असम में बीएस-VI प्रोजेक्ट, आईओसीएल हेतु सिविल, संरचनात्मक व वास्तुशील्पीय कार्य के लिए फैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर की आपूर्ति" हेतु निर्दिष्ट अर्हता मानदंड को पूरा करने वाले प्रतिष्ठित, साधनसंपन्न तथा अनुभवी पार्टियों से दो भाग प्रणाली में ऑनलाइन एकल प्रतिशतता दर प्रस्ताव आमंत्रित है।

इच्छुक बोलीदाताओं को **http://eprocure.gov.in/eprocure/app** में लॉगिंग के जरिए सरकारी ई-प्रापण प्रणाली में सूचीबद्ध व पंजीकृत होना होगा।

प्रस्ताव दाखिले की अंतिम तिथि : **17.06.2019** को **16.00** बजे तक।

इस संदर्भ में कोई भी संयोजन/शुद्धिपत्र सिर्फ कंपनी की वेबसाइट : **www.bridgeroof.co.in** तथा सीपीपी पोर्टल : **http://eprocure.gov.in/eprocure/app** पर जारी की जाएगी।



**फार्म जी में संशोधन**
**अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी के विनियमन 36ए (1) के अनुसार प्रकाशित (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला संकल्प प्रक्रिया) विनियम, 2016। फाइनेंशियल एक्सप्रेस और जनसत्ता (दोनों दिल्ली और एनसीआर संस्करण में) और इकोनॉमिक टाइम्स और विराट वैभव (जयपुर संस्करण) में 13 मई, 2019 को प्रकाशित फॉर्म जी के संशोधन में, मानसरोवर हैरिटेज इन प्राइवेट लिमिटेड के भावी रिजॉल्यूशनस आवेदकों से अभिव्यक्ति की रुचि को आमंत्रित करना। निम्नलिखित संशोधनों पर ध्यान दिया जा सकता है:

| | प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|---|
| 10. | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 03 जुलाई, 2019 |
| 11. | सम्भावित समाधान आवेदकों की अस्थायी सूची निर्गत होने की तिथि | 13 जुलाई, 2019 |
| 12. | अस्थायी सूची की आपत्तियां जमा करने की अन्तिम तिथि | 18 जुलाई, 2019 |
| 13. | सम्भावित समाधान आवेदकों की अन्तिम सूची निर्गत होने की तिथि | 27 जुलाई, 2019 |
| 14. | सम्भावित समाधान आवेदकों हेतु सूचना ज्ञापन पत्र, मूल्यांकन आव्यूह तथा निवेदन के निर्गमन की तिथि | 18 जुलाई, 2019 |
| 16. | समाधान योजनाओं के जमा होने की अन्तिम तिथि | 17 अगस्त, 2019 |
| 18. | अनुमोदन हेतु निर्णायक प्राधिकरण के पास समाधान योजना जमा करने की सम्भावित तिथि | 03 अक्टूबर 2019 |

ध्यानार्थ : 1. इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोसेस को बंद करने की अनुमानित तारीख 29 जुलाई, 2019 है। इसके अलावा, इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 की धारा 12 के प्रावधानों के लिए COC के अनुमोदन पर, कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी के पूरा होने के लिए 90 दिनों की अवधि के विस्तार के लिए आवेदन रिजॉल्यूशन प्रोसेस ("CIRP") को निर्णायक प्राधिकरण के समक्ष दायर किया जाएगा। इस प्रकार उल्लिखित तिथियां अधिनिर्णय प्राधिकरण द्वारा CIRP के विस्तार के अधीन हैं। 2. अधिक जानकारी और अपडेट के लिए www.adellandmarks.com पर जाएं।

हस्ता/-
दर्शन सिंह आनंद
मानसरोवर हेरिटेज इन् प्राइवेट लिमिटेड मामले में समाधान प्रोफेशनल
पंजीकृत सख्या: IBBI/IPA-002/IP-N00326/2017-18/10931
पंजीकृत पता आईबीबीआई के साथ : ईजी-46, इंद्र पुरी, नई दिल्ली-110012
पत्राचार के लिए परियोजना का विशिष्ट पता : सुमेधा मैनेजमेंट सोलूशन्स प्राइवेट लिमिटेड बी 1/12, सफदरजंग एन्क्लेव, दूसरी मंजिल, नई दिल्ली-110029
दिनांक : 03 जून 2019
स्थान : नई दिल्ली
पंजीकृत ईमेल आईडी आईबीबीआई के साथ : dsanand57@gmail.com
पत्राचार के लिए परियोजना विशिष्ट ईमेल आईडी : cirp.mhipl@gmail.com



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे क्लाईंट, मेसर्स मुथूट फाईनान्स लि. **(GSTIN 32AABCT0343B1Z7)**, पंजीकृत कार्यालयः तल 2, मुथूट चेम्बर्स, बैनर्जी रोड, कोच्चि - 682018, केरल, भारत, **CIN: L65910KL1997PLC011300**, दूरभाषः **+91 484-2396478, 2394712**, फैक्सः **+91 484-2396506, mails@muthootgroup.com, www.muthootfinance.com** ऋण चुकाने में असफल ऋणियों के गिरवी रखे सोने के गहनों (**31.03.2018** की अवधि तक **NPA** खातों) की निम्नलिखित विवरणों के अनुसार नीलामी करेगी। इच्छुक सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

**नीलामी की तिथिः 12.06.2019**

**Parwanoo:** MAL-290, MHL-54, MSL-13433, MUL-1, 170, 180, 284, 341, 383, 440, 445, 447, 448, 454, 469, 500, 554, 560, 562, 578, 589, 616, 619, 624, 625, 636, 644, 661, 687, 700, 703, 704, 709, 710, 714, 725, 730, 746, 749, 758, 759, 777, 778, 779, 780, 781, 782, 838, 855, 856, 868, 869, 881, 884, 889, 890, 895, 896, 898, **Solan (HP)**: MAL-365, MGL-1902, MHL-180, MOS-70, MSL-12761, 12774, 12859, 12860, 12861, 12869, 12886, 12888, 12889, 12906, 12926, 13011, 13021, 13043, 13044, 13045, MUL-103, 208, 247, 273, 274, 311, 382, 421, 422, 438, 469, 484, 510, 516, 541, 548, 581, 596, 597, 598, 613, 614, 615, 656, 666, 673, 706, 753, 754, 755, 760, 773, 782, 811, 818, 837, 846, 857, 873, 878, 880, 892, 918, 927, 936, 983, 987, 994, 996, 1005, 1029, 1067, 1083, 1084, 1085, 1104, 1120, 1123, 1130, 1160, 1177, 1185, 1194, 1206, 1217, 1225, 1226, 1235, 1236, 1267, 1291, 1297, 1344, 1351, 1365, 1380, 1381, 1385, 1390, 1391, 1395, 1398, 1415, 1420, 1427, 1438, 1445, 1464, 1466, 1473, 1493, 1498, 1502, 1524, 1528, 1537, 1538, 1546, 1551, 1552, 1562, 1575, 1577, 1581, 1583, 1590, 1600, 1613, 1620, 1621, 1622, 1629, 1632, 1638, 1651, 1661, 1663, 1665, 1666, 1668, 1669, 1670, 1673, 1674, 1687, 1695, 1712, 1713, 1716, 1719, 1730, 1731, 1737, 1746, 1756, 1771, 1777, 1780, 1786, 1788, 1792, 1802, 1803, 1805, 1806, 1819

नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी। हालाँकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी पूरी नहीं हो जाती तो ऐसी स्थिति में यह संबंधित नीलामी वहीं दिनांक **13.06.2019** को क्रमशः नीलामी केंद्र **First Floor, Hotel Gagan Palace Complex, Sector-2, National Highway, Parwanoo Dist-Solan, Himachal Pradesh - 173220** में संचालित की जाएगी/जारी रहेगी। और ऐसी स्थिति में जहाँ इस सबके बावजूद कथित गहनों की नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएँ नहीं दी जाएंगी।

**नीलामी की तिथिः 11.06.2019**

**Paonta Sahib (HP):** MGL-1322, 1369, 1372, 1373, 1407, 1418, 1426, 1474, 1526, 1591, 1610, MLS-75, MSL-5609, 6287, 6346, 6413, 6439, 6444, 6453, 6454, 6472, 6480, 6532, 6548, 6577, 6605, 6686, 6717, MUL-12, 29, 58, 59, 103, 120, 124, 136, 151, 156, 161, 176, 179, 182, 184, 194, 198, 218, 233, 259, 265, 271, 281, 290, 292, 367, 378, 391, 405, 415, 463, 470, 479, 486, 497, 500, 502, 504, 527, 529, 536, 551, 553, 555, 556, 561, 600, 616, 626, 632, 646, 647, 658, 668, 670, 679, 706, 713, 732, 748, 756, 757, 791, 838, 842, 853, 859, 865, 888, 889, 890, 904, 946, 970, 979, 987, 995, 1091, 1136, 1144, 1145, 1151, 1159, 1160, 1163, 1166, 1171, 1201, 1223, 1234, 1243, 1246, 1253, 1255, 1256, 1271, 1272, 1295, 1312, 1333, 1347, 1348, 1357, 1376, 1379, 1384, 1395, 1399, 1405, 1408, 1417, 1453, 1466, 1496, 1505, 1506, 1519, 1538, 1544, 1551, 1555, 1564, 1575, 1576, 1579, 1582, 1583, 1598, 1599, 1601, 1608, 1611, 1612, 1614, 1620, 1628, 1629, 1630, 1634, 1639

**नीलामी की तिथिः 12.06.2019**

**Una (HP):** MGL-228, 883, MSL-6109, 6313, 6399, 6400, 6401, 7021, 7364, 7493, 7547, 7557, 7566, 7589, 7590, 7646, 7707, 7760, MUL-28, 30, 41, 47, 57, 71, 96, 142, 155, 179, 181, 201, 206, 237, 243, 246, 258, 259, 268, 269, 275, 280, 300, 307, 317, 347, 348, 359, 360, 361, 364, 365, 380, 390, 391, 393, 394, 398, 406, 418, 419, 428, 432, 436, 452, 453, 473, 477, 488, 499, 503, 505, 536, 548, 554, 565, 573, 574, 583, 585, 586, 599, 602, 644, 645, 656, 663, 672, 676, 687, 691, 706, 716, 735, 751, 763, 764, 798, 808, 815, 816, 841, 846, 854, 855, 856, 858, 868, 893, 896, 897, 898, 899, 900, 901, 922, 923, 934, 942, 955, 960, 962, 973, 987, 1003, 1016, 1020, 1025, 1029, 1032

**कम शुद्धता के गहनों की नीलामी** (**30.09.2018** की अवधि तक एनपीए खाते)

**नीलामी की तिथिः 11.06.2019**

**Paonta Sahib (HP):** MUL-1228, 1573

नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी। हालाँकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएं नहीं दी जाएंगी।

**कोहली एण्ड सोब्ती, एडवोकेट, ए 59ए, पहली मंजिल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली - 110024**

**नोटः** ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे क्लाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गहनों की गिरवी छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडीः auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464, 7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

## ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ सिविल सेवा परीक्षा में बैठी युवती

तिरुवनंतपुरम, 2 जून (भाषा)।

अस्थियों के एक दुर्लभ रोग और सांस लेने में परेशानी भी केरल की कोट्टायम निवासी 24 साल की लतीशा अंसारी के हौसले को नहीं डिगा सकी और वह रविवार को व्हीलचेयर पर एक ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में बैठी। यूपीएससी ने देश भर के 72 शहरों में रविवार को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की।

लतीशा ने एजंसी को बताया कि वह पिछले करीब डेढ़ साल से संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की इस प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी कर रही है और उन्हें आशा है कि उनकी कोशिशें सार्थक होगी। वह जन्म के बाद से 'टाइप 2 ओस्टियोजेनेसिस इमपरफेक्टा (अस्थियों का रोग)' से ग्रसित हैं। साथ ही, एक साल से अधिक समय से वह सांस लेने में परेशानी का भी सामना कर रही हैं, जिसके चलते हमेशा ही उन्हें एक ऑक्सीजन सिलेंडर की जरूरत पड़ती है।

# अठावले का केसीआर, जगन से राजग में शामिल होने का आग्रह

हैदराबाद, 2 जून (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री व रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के मुखिया रामदास अठावले ने रविवार को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए दोनों राज्यों के सत्तारूढ़ दल तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) और वाईएसआर कांग्रेस को भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने का आग्रह किया है।

अठावले ने कहा कि लोकसभा में राजग के 353 सदस्य हैं और किसी अन्य दल से समर्थन लेने की जरूरत नहीं है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए क्रमश : टीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव और वाईएसआर कांग्रेस के प्रमुख वाई एस जगनमोहन रेड्डी को राजग में शामिल हो जाना चाहिए। उन्होंने संवादाताओं को बताया कि भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने घोषणा की है कि अन्य कोई दल जो राजग में शामिल होना चाहे, उसके लिए दरवाजे खुले हैं। मेरा सुझाव है कि केसीआर और जगन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राजग का समर्थन करना चाहिए। समर्थन करने या नहीं करने का फैसला उन्हें लेना है। सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री अठावले ने कहा कि केंद्र सरकार दोनों राज्यों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अठावले ने विपक्ष के इस आरोप को खारिज किया कि राजग सरकार संविधान में परिवर्तन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने खुद कहा था कि यदि बाबा साहब आंबेडकर का संविधान नहीं होता तो एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री नहीं बनता।

## प्रख्यात नर्तकी हरीश, तीन अन्य लोक कलाकारों की सड़क हादसे में मौत

जोधपुर, 2 जून (भाषा)।

जिले के बिलाडा थाना क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसे में विश्व प्रसिद्ध नर्तकी रानी हरीश और तीन अन्य लोक कलाकारों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए।

थानाधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि जैसलमेर से अजमेर की तरफ जा रही एक कार कापरडा गांव के पास एक ट्रक में जा घुसी, जिससे कार में सवार नर्तकी हरीश, लोक कलाकार रवींद्र, भीखे खान और लतीफ खान की मौत हो गई। हादसे में पांच अन्य लोग घायल हो गए। खोजा ने बताया कि हादसे में समय हरीश अपने दल और अन्य लोक कलाकारों के साथ वाहन में सवार थीं। उन्होंने बताया कि उनके परिजन पहुंच चुके हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला कि ये लोग एक कार्यक्रम के लिए जा रहे थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कलाकारों की मौत पर संवेदना व्यक्त की है। अपने शोक संदेश में गहलोत ने कहा कि जोधपुर में एक सड़क हादसे में प्रसिद्ध नर्तकी रानी हरीश सहित चार कलाकारों की मौत से गहरा आघात पहुंचा।

## बुलेटप्रूफ जैकेट के लिए चीन से कच्चे माल का आयात किफायती, गुणवत्ता पर संदेह नहीं : सारस्वत

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

नीति आयोग के एक सदस्य ने कहा कि भारतीय थलसेना के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट बनाने वाली भारतीय कंपनियां किफायती होने के कारण चीन से कच्चे माल का आयात कर रही हैं। उन्होंने कच्चे माल की गुणवत्ता पर शक को खारिज किया। नीति आयोग के सदस्य वीके सारस्वत ने कहा कि वे चीनी माल के खिलाफ तभी हस्तक्षेप कर सकते है जबकि गुणवत्ता का कोई प्रश्न हो, पर इस तरह की कोई बात नहीं आई है। सारस्वत रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख रहे हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने नीति आयोग को हल्के बुलेटप्रूफ जैकेट के घरेलू स्तर पर निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए रूपरेखा तैयार की है। सारस्वत के मुताबिक भारतीय मानक ब्यूरो ने भारतीय बलों द्वारा इस्तेमाल में लाए जाने वाले बुलेट प्रुफ जैकेट की गुणवत्ता के मानक भी तय कर लिए हैं। नीति आयोग के सदस्य भारतीय सशस्त्र बलों के बुलेटप्रुफ जैकेट के निर्माण में इस्तेमाल में लाए जाने वाले चीनी कच्चे माल के इस्तेमाल को लेकर उठती चिंताओं से जुड़े सवालों का जवाब दे रहे थे।

## बच्चे को बुखार के इलाज के लिए लोहे की छड़ से दागा, मौत

पालनपुर, 2 जून (भाषा)।

लोहे की छड़ से दागे जाने के चार दिन बाद एक साल के बच्चे की अमदाबाद के एक अस्पताल में रविवार को मौत हो गई। यह जानकारी चिकित्सकों ने दी। विपुल नाम के बच्चे को बनासकांठा जिले के वाव तहसील के वासेदा गांव में एक नीम हकीम ने बुधवार को दागा था। दीसा के एक अस्पताल में चिकित्सक ने बताया कि गांवों में नीम हकीमों के जरिए दागे जाने का इस्तेमाल बुखार और कुछ अन्य चिकित्सकीय स्थितियों में पारंपरिक इलाज के तौर पर किया जाता है। बच्चे को अमदाबाद स्थित अस्पताल स्थानांतरित करने से पहले उसका इलाज कुछ समय के लिए दीसा के इसी अस्पताल में किया गया था।

# पश्चिम बंगाल में अब अपनी धार्मिक मान्यता को गुप्त रख सकेंगे छात्र

कोलकाता, 2 जून (भाषा)।

● कई कालेजों ने छात्रों के लिए धर्म के खाने में मानवता, अज्ञेयवाद, धर्मनिरपेक्ष जैसे विकल्प जोड़े

कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के कम से कम 50 कालेजों ने अपनी आस्था का खुलासा करने के अनिच्छुक छात्रों के प्रवेश के लिए आनलाइन फॉर्म में धर्म के खाने में मानवता, अज्ञेयवाद, धर्मनिरपेक्ष और गैर धार्मिक विकल्प जोड़े हैं।

शहर के पुराने बेथ्यून कालेज के एक अधिकारी ने बताया कि इससे इन कालेजों में स्नातक कोर्स के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपने धार्मिक मान्यता को गुप्त रख सकेंगे। यह निर्णय तब लिया गया जब कई डिग्री कोर्स के अभ्यर्थियों ने कालेजों में प्रवेश के लिए आवेदन के दौरान अपनी धार्मिक पहचान घोषित करने की जरूरत पर सवाल उठाए।

प्रवेश प्रक्रिया में शामिल एक अधिकारी ने कहा, हमने पाया कि कई अभ्यर्थी उस खाने में स्वयं को नास्तिक घोषित कर रहे थे जिसमें उन्हें अपने धर्म का उल्लेख करना था। अधिकारी ने कहा, इसके बाद कालेज के प्राधिकारियों ने निर्णय किया कि फार्म भरने वाले छात्रों को 'मानवता' का विकल्प मुहैया कराया जाए। यह सुविधा पहले ऑनलाइन आवेदनों के लिए मुहैया कराई गई। उत्तर कोलकाता के कालेज के एक अधिकारी ने बताया कि शहर के कुछ और कालेज जैसे स्कॉटिश चर्च कालेज ने भी छात्रों को अज्ञेयवाद, धर्मनिरपेक्ष और गैर धार्मिक जैसे विकल्प मुहैया कराए हैं।

जिन कालेजों ने 'मानवता' को एक विकल्प के तौर पर मुहैया कराया है उनमें मौलाना आजाद कालेज, राममोहन कालेज, बंगबासी मॉर्निंग कालेज, महाराज श्रीशचंद्र कालेज और मिदनापुर नगर का मिदनापुर कालेज शामिल हैं।



**मस्ती** जबलपुर में युवा लड़के गर्मी से राहत पाने के लिए रविवार को नर्मदा नदी में डुबकी लगाते हुए। देश के कई हिस्सों को 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के साथ लू का सामना करना पड़ रहा है।

## तेंदुए के हमले में नौ महीने के शिशु की मौत

चंद्रपुर, 2 जून (भाषा)।

महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में सिंदवाही तालुका के एक गांव में रविवार को एक तंदुए ने नौ महीने के एक शिशु को मार डाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बच्चे का शव गडबोरी गांव में स्थित उसके घर से करीब आधा किलोमीटर दूर मिला।

सिंदवाही के रेंज वन अधिकारी अरुण गोंद ने बताया, बच्चा अपने माता-पिता के साथ सो रहा था, तभी तेंदुए ने वन क्षेत्र में स्थित उनके घर में संभवतः तड़के प्रवेश किया और बच्चे को उठा कर ले गया। इस बारे में किसी को पता तक नहीं चला। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद जब माता-पिता को लगा कि उनका बच्चा लापता है तब उन्होंने शोर मचाया और सुबह करीब चार बजे वन अधिकारियों को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद तलाश अभियान चलाया गया और बच्चे का शव बरामद कर लिया गया। गोंद ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह पता चला है कि बच्चे को तेंदुए ने मार डाला।

## 25 साल की उम्र में पहुंचीं संसद

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

संसद में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देने का प्रस्ताव भले ही आज तक हकीकत न बन पाया हो, लेकिन 21 लोकसभा सीटों वाले ओड़ीशा ने 33 फीसद महिलाओं को संसद भेजने का संकल्प बखूबी निभाया और राज्य से विजयी रही सात महिला सांसदों में चंद्राणी मुर्मू का नाम खास तौर से उल्लेखनीय है, जो 17वीं बार चंद्राणी की वजह से खबरों में है। दरअसल राज्य के क्योंझर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली चंद्राणी 25 बरस 11 महीने की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करके दुष्यंत चौटाला का रेकार्ड तोड़ने में कामयाब रहीं जो 26 बरस की उम्र में पिछली लोकसभा के सबसे युवा सांसद थे। चंद्राणी ने 2017 में भुवनेश्वर की शिक्षा ओ अनुसंधान यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियर की डिग्री हासिल की

### 17वीं लोकसभा की सबसे युवा सांसद बनीं चंद्राणी मुर्मू



● ओड़ीशा की युवती ने तोड़ा दुष्यंत चौटाला का रेकार्ड
● पिछली लोकसभा में सबसे युवा प्रतिनिधि थे चौटाला
● राज्य के क्योंझर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली चंद्राणी ने मैकेनिकल इंजीनियर की पढ़ाई करने के बाद राजनीति में कदम रखा

लोकसभा की सबसे युवा सदस्य हैं।

दो बरस पहले मैकेनिकल इंजीनियर की पढ़ाई करने के बाद चंद्राणी किसी सरकारी महकमे में नौकरी करके अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रही थी, लेकिन किसे पता था कि उसके हाथ में 'राजनीति' की रेखा है, जो उसे दिल्ली के विशाल संसद भवन तक पहुंचाकर उसका ही नहीं बल्कि उसके पूरे आदिवासी इलाके का भविष्य बेहतर बनाने का रास्ता दिखाएगी। कुछ समय पहले भीषण तूफान के कारण सुर्खियों में रहा ओड़ीशा इस और प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रही थीं, जब उनके मामा ने अचानक से चुनाव लड़ने के बारे में पूछा।

चंद्राणी का कहना है कि वह अपने लिए किसी अच्छे करिअर की तलाश में थीं और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थीं। उन्होंने राजनीति में आने का इरादा कभी नहीं किया था, लेकिन क्योंझर महिला आरक्षित क्षेत्र था और बीजू जनता दल को किसी पढ़ी लिखी महिला उम्मीदवार की जरूरत थी। यह दोनों बातें चंद्राणी के हक में गईं।

# वरिष्ठ सांसद को बनाया जाता है प्रोटेम स्पीकर, मैं भी उसी कतार में हूं : मेनका

### वरुण को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने पर चुप्पी साधी

सुल्तानपुर(उप्र), 2 जून (भाषा)।



सुल्तानपुर से भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने इस बार खुद को मंत्री नहीं बनाए जाने पर कहा कि बड़े अंतर से जीतने और लंबे समय तक सांसद रहने वाले को प्रोटेम स्पीकर चुने जाते हैं और वह खुद भी उनमें से एक हैं।

सांसद बनने के बाद पहली बार सुल्तानपुर के तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को पहुंचीं मेनका ने चुनाव जिताने के लिए जनता का धन्यवाद करते हुए जिले में हर वर्ग के विकास की बात कही।

भाजपा की पिछली सरकार में महिला एवं बाल कल्याण मंत्री रही मेनका ने खुद को इस बार मंत्री नहीं बनाए जाने के सवाल पर कोई सीधा जवाब नहीं देते हुए कहा कि इसका जवाब सुल्तानपुर की जनता से लीजिए। हालांकि, उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि बड़े अंतर से चुनाव जीतने और लंबे वक्त तक सांसद रहने वाले को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाता है और उनमें से मैं भी एक हूं। इस बार पीलीभीत से सांसद चुने गए अपने बेटे वरुण गांधी को भी मोदी मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने के सवाल पर मेनका ने चुप्पी साध ली। बयान देने के बजाय उन्होंने कहा अच्छा तो हम चलते हैं। मेनका कलेक्ट्रेट में तीन जून को अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगी। साथ ही चार जून को उनका पुलिस अधिकारियों और थानाध्यक्षों से मुलाकात का भी कार्यक्रम है।

मेनका गांधी ने कहा कि जिले में स्थिति ठीक नहीं है। उनका इशारा लोकसभा चुनाव में अपने प्रतिद्वंदी सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी रहे बसपा नेता चन्द्रभद्र सिंह सोनू की ओर था। उन्होंने कहा कि अच्छी कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक की है। अगर एसपी अच्छा होगा तो कानून-व्यवस्था भी बेहतर होगी। मेनका ने कहा कि सुल्तानपुर में विकास योजनाओं को मूर्त रूप देने का प्रयास शुरू हो गया है।

## बड़े पैमाने पर होगा आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

बच्चों के स्वस्थ विकास के मद्देनजर प्रस्तावित नई शिक्षा नीति में एनसीईआरटी के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए एक उत्कृष्ट पाठ्यक्रम और शैक्षिक ढांचा तैयार करने की सिफारिश की गई है। साथ ही छह वर्ष तक की आयु के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने की बात कही गई है। जाने-माने वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति ने शुक्रवार को नई शिक्षा नीति का मसौदा सौंपा।

नई शिक्षा नीति के मसविदे में कहा गया है कि यह नीति इस बात की अनुशंसा करती है कि एनसीईआरटी प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए एक उत्कृष्ट पाठ्यक्रम और शैक्षिक ढांचा तैयार करे। इसका क्रियान्वयन विस्तृत एवं सशक्त आंगनबाड़ियों, मौजूदा प्राथमिक स्कूलों के साथ पूर्व प्राथमिक स्कूलों, अनुभागों और पूर्व प्राथमिक विद्यालयों के माध्यम से प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्रणाली के जरिए किया जाए। मसौदे के अनुसार इनमें ऐसे कार्यकर्ताओं और शिक्षकों को नियुक्त किया जाएगा जो प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल शिक्षा (ईसीसीई) पाठ्यक्रम और शिक्षाशास्त्र में विशेष रूप से प्रशिक्षित हों। प्रस्तावित नीति में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा से संबंधित सुविधाओं का विस्तार करने और उन्हें सुदृढ़ बनाने पर खास जोर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि छह वर्ष तक की आयु के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जाएगा।

## धर्म और राजनीति को मिला रही है भाजपा : ममता

### कहा, 'जय श्री राम' के नारे का गलत इस्तेमाल कर रही पार्टी

कोलकाता, 2 जून (भाषा)।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार 'जय श्री राम' का इस्तेमाल कर धर्म को राजनीति में मिला रही है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, 'जय सिया राम, जय रामजी की, राम नाम सत्य है आदि के धार्मिक और सामाजिक निहितार्थ हैं। लेकिन भाजपा धार्मिक नारे जय श्री राम को अपनी पार्टी के नारे के तौर पर गलत तरीके से इस्तेमाल कर धर्म को राजनीति से मिला रही है।'

ममता ने कहा कि उन्हें किसी खास नारे के किसी रैली या पार्टी के कार्यक्रम में इस्तेमाल किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है। हम दूसरों पर...इस धार्मिक नारे को जबरन थोपने का सम्मान नहीं करते। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि नफरत की विचारधारा के प्रचार-प्रसार का प्रयास किया जा रहा है, जिसका विरोध किया जाना चाहिए।

## छात्रा की आत्महत्या के बाद भी तेलंगाना बोर्ड का पास-फेल जारी

हैदराबाद, 2 जून (भाषा)।

तेलंगाना में वार्षिक बोर्ड परीक्षा में फेल होने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या करने वाली इंटरमीडिएट की एक छात्रा को उसकी कॉपी की दोबारा जांच के बाद पास घोषित कर दिया गया, लेकिन कुछ ही घंटों के भीतर बोर्ड ने 'लिपिकीय त्रुटि' बताते हुए इस निर्णय को वापस ले लिया।

तेलंगाना राज्य इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड (टीएसबीआइई) ने 18 अप्रैल को परिणामों के प्रकाशन में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का पुनः सत्यापन किया, जो 27 मई से नए परिणामों की घोषणा कर रहा है। उस लड़की की बहन ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि पुनः सत्यापन के अनुसार, छात्रा ने तेलुगू प्रश्नपत्र में 48 अंक प्राप्त किए, पहले के अंक में 27 अंक बढ़ गए और उसे पास घोषित किया गया। उसने अपनी बहन की आत्महत्या के लिए टीएसबीआईई को जिम्मेदार ठहराया। परीक्षा के परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद उस छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी। हालांकि, कुछ ही घंटों के भीतर बोर्ड ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा कि पुनर्मूल्यांकन में लिपिकीय गलती के कारण मृतक छात्रा के 21 के बजाय 48 अंक अपलोड हो गए थे। बोर्ड ने इसकी पुष्टि करने के लिए उसकी 24 पृष्ठों वाली उत्तर पुस्तिका को भी अपलोड किया। बोर्ड ने कहा कि वह इस मामले की विस्तृत जांच करने के बाद 'लिपिकीय त्रुटि' के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगा।

### मध्य प्रदेश के ग्वालियर-चंबल इलाके में असलहा रखने वालों के लिए शर्तें

# दस पौधे लगाओ तब बंदूक का लाइसेंस पाओ

ग्वालियर, 2 जून (भाषा)।

● महीने भर तक पौधे की देखभाल करने के बाद सेल्फी लेकर कलेक्टर को भेजनी होगी

मध्य प्रदेश के ग्वालियर-चंबल इलाके में बंदूक रखना लोगों के लिए शानो-शौकत का प्रतीक है और जिले के कलेक्टर ने लोगों के इस शौक को पौधारोपण से जोड़कर एक नवाचार के तहत बंदूक के लाइसेंस का आवेदन करने वालों को दस पौधे लगाने की शर्त लागू कर दी है। बंदूक का लाइसेंस चाहने वालों को न केवल दस पौधे लगाने होंगे बल्कि एक महीने तक इन पौधों की अच्छी तरह देखभाल करनी होगी और पौधे के साथ सेल्फी लेकर कलेक्टर को दिखानी होगी।

इसके साथ ही दूर दराज के इलाकों में यह योजना अच्छी तरह लागू हो, इसके लिए संबंधित इलाके का पटवारी भी इसकी जांच करके रिपोर्ट देगा। विधानसभा और लोकसभा के चुनावों के चलते कई महीनों से बंदूक के लाइसेंस कलेक्टर ने रोक रखे थे। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने पर अब फिर से बंदूक का लाइसेंस चाहने वालों के आवेदन कलेक्टर के पास पहुंचने लगे हैं।

ग्वालियर के कलेक्टर अनुराग चौधरी ने तय किया कि जिन्हें बंदूक या रिवाल्वर का लाइसेंस चाहिए, उन्हें अपने घर के बाहर दस पौधे लगाने होंगे और पौधे लगाने का यह काम केवल औपचारिक नहीं होगा, बल्कि उसकी देखभाल भी करनी होगी। इसके लिए उन्होंने तय किया कि शस्त्र लाइसेंस चाहने वाला व्यक्ति पौधे लगाकर देखभाल करेगा और सबूत के तौर पर उसकी सेल्फी वाली फोटो भी कलेक्टर ऑफिस में देगा। पौधा लगा है या नहीं और उसकी देखभाल हो रही है, इसके लिए इलाके का पटवारी भी रिपोर्ट देगा।

कलेक्टर अनुराग चौधरी ने कहा, 'जिस व्यक्ति को बंदूक या रिवाल्वर का लाइसेंस चाहिए, उसे 10 पौधे लगाने होंगे। यदि उसके घर के पास जमीन नहीं है तो शहर व गांवों में प्रशासन ने ऐसे स्थान तय कर दिए हैं, उसे वहां जाकर पौधे लगाने होंगे और लगातार एक महीने तक उनकी देखभाल करनी होगी।' कलेक्टर चौधरी ने यह भी बताया कि वह नए पेट्रोल पंप और स्टोन क्रशर स्थापित करने के लिए भी पौधरोपण को आवेदन का हिस्सा बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आखिर इससे प्रदूषण फैलता है और पौधे इस प्रदूषण के स्तर को कम करने में मदद करेंगे।

उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करना है और वे खुद ही पौधा लगाने के बाद उसकी देखभाल करें। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर-चंबल अंचल में बंदूक रखना शान का प्रतीक माना जाता है और इसी के चलते अकेले ग्वालियर में ही करीब 30 हजार बंदूक और रिवाल्वर के लाइसेंस हैं।

# स्विस खातेदार भारतीयों के नाम सार्वजनिक नोटिस में आई तेजी

## पी राजामोहन राव का नाम भी जुड़ा

नई दिल्ली/बर्न, 2 जून (भाषा)।

स्विट्जरलैंड ने स्विस बैंकों में संदिग्ध धन रखने वाले भारतीय खाताधारकों पर कार्रवाई के लिए भारत के साथ संबंधित सूचनाएं साझा करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस संबंध में स्विट्जरलैंड के अधिकारियों ने नया सार्वजनिक नोटिस पोतलुरी राजा मोहन राव के नाम जारी किया गया है।

इससे पहले, पिछले महीने ऐसे 14 लोगों के बारे में सूचना साझा करने से पहले उनको नोटिस जारी किए गए थे। नियमों के तहत इस तरह के नोटिस उन्हें उनके खातों के बारे में भारत सरकार को जानकारी देने से खिलाफ अपील करने का एक अंतिम मौका देने के लिए जारी किए जाते हैं। अधिकारियों के अनुसार आने वाले हफ्तों में इस तरह के कई नोटिस जारी किए जा सकते हैं। भारत ने स्विस बैंकों में संदिग्ध कालाधन रखने वाले भारतीयों की जानकारियां स्विट्जरलैंड सरकार से मांगी है। राव को यह नोटिस 28 मई को जारी किया गया और उसे अपील करने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है। इससे पहले 21 मई को 11 लोगों को नोटिस दिए गए थे।

स्विट्जरलैंड के संघीय कर विभाग के नोटिस में राव के जन्मदिन (15 जुलाई, 1951) और उसके भारतीय पते के अलावा कोई अन्य जानकारी का खुलासा नहीं किया गया है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि राव दूरसंचार समेत दक्षिण भारत में कई तरह के कारोबार में शामिल हैं। स्विटजरलैंड उसके बैंकों में खाते रखने वाले ग्राहकों की गोपनीयता बनाए रखने को लेकर एक बड़े वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में जाना जाता रहा है। लेकिन कर चोरी के मामले में वैश्विक स्तर पर समझौते के बाद गोपनीयता की यह दीवार अब नहीं रही। खाताधारकों की सूचनाओं को साझा करने को लेकर भारत सरकार के साथ उसने समझौता किया है। अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौते किए गए हैं।

स्विस बैंक के विदेशी उपभोक्ताओं की सूचनाएं साझा करने से संबंधित स्विट्जरलैंड के कर विभाग के नोटिसों के अनुसार स्विट्जरलैंड ने हालिया समय में कुछ देशों के साथ सूचनाएं साझा करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। पिछले कुछ सप्ताह के दौरान भारत से संबंधित मामलों में अधिक तेजी आई है।

विभाग नोटिस का गजट प्रकाशन (सार्वजनिक) करते समय व्यक्ति का नाम संक्षिप्त कर देता है। पर इनमें दो भारतीयों का पूरा नाम बताया गया है। इनमें मई 1949 में पैदा हुए कृष्ण भगवान रामचंद और सितंबर 1972 में पैदा हुए कल्पेश हर्षद किनारीवाला शामिल हैं। हालांकि, इनके बारे में अन्य जानकारियों का खुलासा नहीं किया गया है। अन्य नामों में जिनके शुरुआती अक्षर बताए गए हैं उनमें 24 नवंबर, 1944 को पैदा हुए एएसबीके, 9 जुलाई, 1944 को पैदा हुए एबीकेआइ, 2 नवंबर, 1983 को पैदा हुईं श्रीमती पीएएस, 22 नवंबर, 1973 को पैदा हुए श्रीमती आरएएस, 27 नवंबर, 1944 को पैदा हुए एपीएस, 14 अगस्त, 1949 को पैदा हुईं श्रीमती एडीएस, 20 मई, 1935 को पैदा हुए एमएलए, 21 फरवरी, 1968 को पैदा हुए एनएमए और 27 जून, 1973 को पैदा हुए एमएमए शामिल हैं।

# विदेशी निवेशकों ने मई में पूंजी बाजार में 9,031 करोड़ डाले

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत के बाद कारोबार के लिए ज्यादा अनुकूल माहौल बनने की उम्मीदों को देखते हुए विदेशी निवेशकों ने मई महीने में भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 9,031 करोड़ रुपए की पूंजी डाली। मई के पहले तीन हफ्तों में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे लेकिन चुनाव नतीजों की घोषणा से पहले उनके रुख में बदलाव देखा गया।

डिपोजिटरी के पास मौजूद ताजा आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) ने 2 से 31 मई के दौरान शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 7,919.73 करोड़ रुपए का निवेश किया। इसी तरह बांड बाजार में 1,111.42 करोड़ रुपए डाले। इस तरह विदेशी निवेशकों ने शुद्ध रूप से 9,031.15 करोड़ रुपए का निवेश किया।

इससे पहले वैश्विक निवेशकों ने शेयर और बांड बाजार दोनों में अप्रैल में शुद्ध रूप से 16,093 करोड़ रुपए की पूंजी डाली थी। वहीं मार्च में 45,981 करोड़ रुपए और फरवरी में 11,182 करोड़ रुपए का निवेश किया था।

इससे पहले विदेशी निवेशकों ने 2 से 17 मई के दौरान बाजार से शुद्ध रूप से 6,399 करोड़ रुपए की निकासी की थी।

विशेषज्ञों ने कहा कि नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार सत्ता में दोबारा आने के बाद अपने पहले कार्यकाल में शुरू किए गए सुधार कार्यक्रमों को जारी रखेगी। मॉर्निंगस्टार के वरिष्ठ विश्लेषक प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इससे उत्साहित विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार की तरह वापस लौटना शुरू किया है और 23 मई, 2019 को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उनकी उम्मीदें हकीकत में तब्दील होने पर निवेशकों ने निवेश बढ़ा दिया।

# मौद्रिक नीति व वृहद आर्थिक आंकड़े तय करेंगे बाजार चाल

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा, वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक संकेतों से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। ईद-उल-फितर के मौके पर बुधवार को बाजार बंद रहेंगे।

इसी बीच, शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद सरकार की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों में कहा गया है कि भारत की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार 2018-19 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में पांच साल के न्यूनतम स्तर 5.8 फीसद पर पहुंच गई। कृषि व विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन को आर्थिक वृद्धि दर में कमी का मुख्य कारक बताया गया है। वहीं, अप्रैल में आठ बुनियादी क्षेत्र के उद्योगों की वृद्धि दर भी घटकर 2.6 फीसद के स्तर पर आ गई। हालांकि 2018-19 में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के अनुरूप रहने से सरकार को थोड़ी राहत मिली है। संशोधित बजट अनुमान में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.4 फीसद पर सीमित रखने का लक्ष्य रखा गया था।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि इन आर्थिक आंकड़ों का असर सोमवार को बाजार पर देखने को मिल सकता है लेकिन जीडीपी की सुस्त पड़ती रफ्तार से इस बात की संभावना बढ़ गई है कि केंद्रीय बैंक छह जून को ब्याज दरों में कटौती करे। निवेशक इसका स्वागत करेंगे।

शेयरखान बाई बीएनपी परिबा के प्रमुख सलाहकार हेमांग जानी ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका-चीन के बीच व्यापार युद्ध और तेल के दाम में इजाफे से बाजार की आगे की दिशा तय होगी। हम शेयर बाजार को लेकर अब भी आशान्वित हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नई सरकार में मंत्रिमंडल के बंटवारे के बाद अब ध्यान मुख्य आर्थिक सुधारों और नीतियों पर रहेगा।

एपिक रिसर्च के सीईओ मुस्तफा नदीम ने कहा कि वित्त मंत्रालय की अगुआई अब निर्मला सीतारमण कर रही हैं और उनसे कई उम्मीदें हैं। सबसे पहले नकदी का मुद्दा आता है, उसके बाद बैंकों के पुनर्पूंजीकरण और अर्थव्यवस्था में मांग में सुधार की बात आती है। सैमको सिक्योरिटीज एंड स्टॉकनोट के मुताबिक अगला सप्ताह बाजार को मध्यम अवधि की दिशा के लिहाज से बहुत अहम है। इस सप्ताह विनिर्माण क्षेत्र से संबंधित पीएमआइ आंकड़े और वाहन की बिक्री के आंकड़े भी जारी किए जाएंगे।

# मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दर में चौथाई फीसद कटौती की उम्मीद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

भारतीय रिजर्व बैंक (एसबीआइ) गुरुवार को मौद्रिक नीति की समीक्षा में नीतिगत दरों में 0.25 फीसद की कटौती कर सकता है। अगर केंद्रीय बैंक ऐसा करता है तो यह लगातार तीसरा मौका होगा जब वह ब्याज दर घटाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि वित्त वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर पांच साल के सबसे निचले स्तर पर आ गई है। इसको देखते हुए रिजर्व बैंक की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश बढ़ी है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करेगी। नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार के दूसरे कार्यकाल में यह पहली मौद्रिक समीक्षा होगी। पिछली दो बैठकों में भी एमपीसी नीतिगत दरों में चौथाई-चौथाई फीसद की कटौती कर चुकी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अगुआई वाली एमपीसी की तीन दिन की बैठक चार जून से शुरू होगी।

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी हालिया शोध रिपोर्ट में कहा था कि रिजर्व बैंक को ब्याज दरों में अधिक बड़ी कटौती करनी होगी। 0.25 फीसद से अधिक, जिससे अर्थव्यवस्था में सुस्ती को रोका जा सके। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) भी इसी राय का है। अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन के लिए केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों में कटौती को जारी रखना होगा। मसलन उपभोक्ता सामान खंड में उत्पादन और बिक्री में कमी को दूर करने की जरूरत है। यात्री कारों, दोपहिया और गैर टिकाऊ सामान क्षेत्र में बिक्री में वृद्धि की जरूरत है। वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने हालांकि ब्याज दरों में कटौती पर कुछ नहीं कहा है। अलबत्ता उन्होंने यह जरूर कहा कि फरवरी से ब्याज दरों में दो बार कटौती की जा चुकी है। गर्ग ने कहा कि एमपीसी मुद्रास्फीति में कमी और आर्थिक वृद्धि नरम पड़ने पर गौर करते हुए फैसला करेगी।

# भारतीय कारोबार सही राह पर : सिस्को के सीईओ

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

अमेरिका की प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी सिस्को भारतीय बाजार में कारोबार वृद्धि को लेकर आशान्वित है। कंपनी को भरोसा है कि अगले कुछ साल में उसके वैश्विक राजस्व में भारतीय कारोबार का योगदान 10 फीसद का होगा।

सिस्को के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चक रॉबिन्स ने कहा कि कंपनी के लिए भारत सतत वृद्धि वाले बाजारों में से एक है। नेटवर्किंग समाधान प्रदाता भारत में कई सरकारी परियोजनाओं में शामिल है। सिस्को के लिए भारत प्रमुख वृद्धि करने वाले बाजारों में है। कंपनी के कर्मचारियों की संख्या 10,000 है। रॉबिन्स ने कहा- हम सही राह पर हैं। मेरे विचार में अगले पांच से दस साल में हमारे वैश्विक कारोबार में भारत का हिस्सा 10 फीसद का होगा। हमारी टीम ने शानदार काम किया है। कारोबार आगे बढ़ रहा है। भारत की स्थिति, स्थिर सरकार और प्रौद्योगिकी में विश्वास को देखकर हम भारतीय बाजार के प्रति काफी आशान्वित हैं।

# ओएनजीसी फिर बनी सबसे अधिक मुनाफा कमाने वाली सरकारी कंपनी

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

ओएनजीसी ने इंडियन ऑयल को पछाड़कर सबसे अधिक मुनाफे में रहने वाली घरेलू सरकारी कंपनी का तमगा फिर से हासिल कर लिया। सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय परिणामों के अनुसार 2018-19 में ओएनजीसी का शुद्ध मुनाफा 34 फीसद बढ़कर 26,716 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस दौरान इंडियन ऑयल का शुद्ध मुनाफा 17,274 करोड़ रुपए रहा।

इससे पहले लगातार दो वित्त वर्ष के दौरान इंडियन ऑयल ने ओएनजीसी से अधिक मुनाफा अर्जित किया था। तेल कीमतों में गिरावट के कारण इंडियन ऑयल का मुनाफा कम हुआ है। इसी कारण कंपनी ने सर्वाधिक कारोबार वाली भारतीय कंपनी का तमगा भी मुकेश अंबानी के रिलायंस इंडस्ट्रीज के हाथों खो दिया। 2017-18 के दौरान इंडियन ऑयल का शुद्ध मुनाफा 21,346 करोड़ रुपए रहा था। इस दौरान ओएनजीसी को 19,945 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार चौथे साल सर्वाधिक मुनाफा कमाने वाली भारतीय कंपनी बनी रही। एक दशक पहले रिलायंस कंपनी का आकार इंडियन ऑयल की तुलना में आधा था। बाद में कंपनी ने दूरसंचार, खुदरा और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में कारोबार की शुरुआत की, जिससे उसे तेजी से विस्तार करने में मदद मिली। रिलायंस इंडस्ट्रीज को 2018-19 में 39,588 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ। इस दौरान उसका कारोबार 6.23 लाख करोड़ रुपए रहा। इसकी तुलना में इंडियन मोबाइल का कारोबार 6.1 साथ लाख करोड़ रुपए रहा। रिलायंस अब राजस्व, मुनाफा और बाजार पूंजीकरण के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी कंपनी है।

पिछले वित्त वर्ष में रिलायंस का राजस्व 44 फीसद बढ़ा। 2010 से 2019 के दौरान रिलायंस का राजस्व सालाना 14 फीसद से अधिक की दर से बढ़ा। इसकी तुलना में इंडियन ऑयल का राजस्व 2018-19 में 20 फीसद बढ़ा और 2010 से 2019 के दौरान सालाना 6.3 फीसद की दर से बढ़ा।

# शीर्ष छह कंपनियों की पूंजी 99,994 करोड़ रुपए बढ़ी

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

सूचकांक की शीर्ष दस कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 99,994.06 करोड़ रुपए बढ़ा। सर्वाधिक लाभ में टीसीएस रही।

टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 55,235.1 करोड़ बढ़कर 8,24,342.63 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,333.73 करोड़ बढ़कर 6,60,795.95 करोड़ रुपए और इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 11,970.87 करोड़ उछलकर 3,21,924.71 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी की बाजार हैसियत 9,538.27 करोड़ की बढ़त के साथ 3,75,774.07 करोड़ रुपए और हिंदुस्तान यूनिलीवर का पूंजीकरण 7,799.37 करोड़ बढ़कर 3,86,449.46 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कोटक महिंद्रा का बाजार पूंजीकरण 1,116.72 करोड़ बढ़कर 2,90,098.18 करोड़ रुपए हो गया।

इस रुख के उलट आइटीसी का बाजार पूंजीकरण 14,097.4 करोड़ गिरकर 3,41,586.77 करोड़ रुपए और आइसीआइसीआइ बैंक का बाजार मूल्यांकन 5,197.06 करोड़ गिरकर 2,73,072.28 करोड़ रुपए पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का पूंजीकरण 4,452.13 करोड़ लुढ़ककर 8,42,933.64 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 1,829.54 करोड़ गिरकर 3,14,637.18 करोड़ रुपए पर आ गया। शीर्ष दस कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले पायदान पर रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी, आइटीसी, इन्फोसिस, एसबीआइ, कोटक महिंद्रा बैंक और आइसीआइसीआइ का स्थान रहा।

# जेट के दो हजार कर्मियों को नौकरी देगी स्पाइसजेट

सोल, 2 जून (भाषा)।

स्पाइसजेट की योजना पायलट और चालक दल के सदस्यों सहित कुल 2,000 स्पाइसजेट कर्मियों को नौकरी देने की है। इस समय जेट एअरवेज का परिचालन अस्थायी रूप से बंद है जबकि बजट विमानन कंपनी स्पाइसजेट अपने परिचालन का विस्तार कर रही है। एअरलाइन पहले ही जेट एअरवेज के इस्तेमाल किए जाने वाले 22 विमानों को अपने बेड़े में शामिल कर चुकी है। नकदी संकट से जूझ रही जेट एअरवेज ने अप्रैल में अपना परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया था।

स्पाइसजेट के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि हमने उल्लेखनीय रूप से जेट एअरवेज के लोगों को अपने साथ जोड़ा है। वे काफी योग्य और पेशेवर हैं। हम आगे भी जेट एअरवेज के लोगों को नौकरी देना जारी रखेंगे। हमने जेट एअरवेज के 1,100 कर्मचारियों को अपने साथ जोड़ा है। उम्मीद है कि यह आंकड़ा 2,000 पर जाएगा। इनमें पायलट, चालक दल के सदस्य और हवाई अड्डा सेवाओं, सुरक्षा से जुड़े लोग हैं।

फिलहाल स्पाइसजेट के कर्मचारियों की संख्या 14,000 है और उसके बेड़े में सौ विमान हैं। एअर इंडिया, जेट एअरवेज (अब अस्थायी रूप से ठप) और इंडिगो के बाद यह चौथी एअरलाइन है जिसके पास सौ विमान हैं। उन्होंने कहा कि स्पाइसजेट के पास बोइंग 737, बॉम्बार्डियर क्यू 400 और बी 737 फ्राइटर विमान हैं। एअरलाइन 62 गंतव्यों के लिए 575 दैनिक उड़ानों का परिचालन करती है। इनमें नौ अंतरराष्ट्रीय गंतव्य हैं। यह पूछने पर कि क्या स्पाइसजेट बड़े आकार के विमानों के परिचालन पर ध्यान केंद्रित करेगी, सिंह ने कहा कि अभी हमारा ध्यान छोटे आकार के विमानों पर है। जेट एअरवेज बड़े आकार के विमानों से परिचालन करती रही है।


LUMAX
DK JAIN GROUP

## ल्युमैक्स ऑटो टेक्नोलॉजीज लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : द्वितीय तल, हरवंश भवन-II, कमर्शियल कॉम्पलेक्स, नांगल राया, नई दिल्ली-110046; वेबसाइट : www.lumaxautotech.com; दूरभाष : +91 11 49857832
ईमेल : shares@lumaxmail.com, सीआईएन : L31909DL1981PLC349793

राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण
प्रधान पीठ के समक्ष
कम्पनी आवेदन सं. सी.ए. (सीएए)-76 (पीबी)/2019
तथा
कम्पनी आवेदन सं. सी.ए. (सीएए)-19 (पीबी)/2019
तथा
कम्पनी आवेदन सं. सी.ए.-959 (पीबी)/2019
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 230-232 तथा लागू होने वाले अन्य प्रावधानों के मामले में
तथा
ल्यूमैक्स डीके ऑटो इंडस्ट्रीज लिमिटेड --अंतरक कम्पनी
के साथ
ल्यूमैक्स डीके ऑटो टेक्नोलॉजीज लिमिटेड --अंतरिती कम्पनी
तथा
उनके संबंधित शेयरधारकों तथा क्रेडीटरों
के
समामेलन की योजना के मामले में

एनसीएलटी द्वारा आमंत्रित बैठकों के लिए सूचना तथा विज्ञापन

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आदेश तिथि 14 मई, 2019 तथा 21 मई, 2019 के द्वारा माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, प्रधान पीठ (''माननीय एनसीएलटी'') ने निर्देश दिया है कि अंतरिती कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों, प्रतिभूत क्रेडीटरों तथा अप्रतिभूत क्रेडीटरों की क्रमशः शुक्रवार, 5 जुलाई, 2019 को 12 बजे दोपहर, 2.30 अप. तथा 3.00 बजे अप. में एयरफोर्स ऑडिटोरियम, सुब्रतो पार्क, नई दिल्ली-110010 में बैठकें आयोजित की जाएगी जिसमें ल्यूमैक्स डीके ऑटो इंडस्ट्रीज लिमिटेड'' (''अंतरक कम्पनी'') के साथ ल्यूमैक्स ऑटो टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (''अंतरिती कम्पनी'') तथा उनके संबंधित शेयरधारकों तथा क्रेडीटरों की समामेलन की योजना में निहित व्यवस्था पर विचार की जाएगी तथा यदि उपयुक्त माना गया संशोधन के साथ अथवा उसके बिना उसे स्वीकार किया जाएगा।

उक्त योजना तथा कम्पनी (समझौता, व्यवस्था तथा समामेलन) नियमावली, 2016 के नियम 6 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 230, 232 तथा 102 के अंतर्गत व्याख्यात्मक विवरण तथा प्रॉक्सी के प्रपत्र की प्रति किसी भी दिन (शनिवार, रविवार तथा सार्वजनिक अवकाश दिवसों को छोड़कर) अंतरिती कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। उपरोक्त बैठकों में उपस्थित होने तथा मतदान करने के लिए अधिकृत व्यक्ति व्यक्तिगत प्रॉक्सी के द्वारा मतदान कर सकते हैं बशर्ते निर्धारित प्रपत्र में सभी प्रॉक्सीज उपरोक्त अंतरिती कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में उपरोक्त बैठकों के शुरू होने के अनुसूचित समय से कम से कम 48 (अड़तालिस) घंटे पूर्व जमा कर दी जाए।

माननीय एनसीएलटी ने श्री अजय भगवती, अधिवक्ता को उपरोक्त बैठकों के लिए अध्यक्ष श्री संजीव सिंघल, चार्टड एकाउन्टैट को वैकल्पिक अध्यक्ष तथा श्री मयंक बंसल, चार्टर्ड एकाउटैन्ट के पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। योजना, यदि उपरोक्त बैठकों में स्वीकृत होती है तो बाद में माननीय एनसीएलटी की स्वीकृति के अधीन होगी।

एतद्द्वारा पुनः सूचित किया जाता है कि:

1. अंतरिती कम्पनी ने पोस्टल बैलॅट तथा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई है ताकि सम्मेलन की योजना पर विचार तथा अनुमोदन करने में इक्विटी शेयरधारक सक्षम हो सके। साथ ही अतरिकी कम्पनी ने बैठक स्थल पर बैलॅट पेपर द्वारा इक्विटी शेयरधारकों को मतदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। रिमोट ई-वोटिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अंतरिती कम्पनी ने कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड की सेवाएं प्राप्त की हैं।
2. पोस्टल बैलॅट अथवा रिमोट ई-वोटिंग अथवा बैठक स्थल पर मतदान के लिए अंतरिती कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए कट-ऑफ तिथि 3 मई 2019 है। जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरी द्वारा प्रबंधित लाभभोगी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज होगा वे ही मतदान के लिये अधिकृत होंगे। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि को अंतरिती कम्पनी के इक्विटी शेयरधारक नहीं हैं, वे इस सूचना को केवल जानकारी के उद्देश्य से देखें।
3. बैठक स्थल पर मतदान के लिये अंतरिती कम्पनी के प्रतिभूत क्रेडीटरों तथा अप्रतिभूत क्रेडीटरों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिये कट-ऑफ तिथि 28 फरवरी, 2019 है।
4. अंतरिती कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों द्वारा पोस्टल बैलॅट एवं रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान बुधवार, 5 जून, 2019 को 9.00 बजे पूर्वा. में शुरू होगी तथा गुरुवार, 04 जुलाई, 2019 को 5.00 बजे अप. में बंद होगी। उसके बाद मतदान के लिये रिमोट ई-वोटिंग पद्धति कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निष्क्रिय कर दी जायेगी।
5. विधिवत पूर्ण एवं हस्ताक्षरित पोस्टल बैलॅट अधिकतम 4 जुलाई, 2019 के 5.00 बजे अप. या उससे पूर्व पर्यवेक्षक के पास पहुंच जाना चाहिये। 4 जुलाई, 2019 को 5.00 बजे अप. के बाद प्राप्त की गई पोस्टल बैलॅट पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उसके संदर्भ में यह माना जायेगा कि इक्विटी शेयरधारकों से उनका जवाब प्राप्त ही नहीं हुआ है।
6. अंतरिती कम्पनी ने ऐसे इक्विटी शेयरधारकों जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी के पास उपलब्ध/ पंजीकृत हैं को ई मेल द्वारा तथा शेष इक्विटी शेयरधारकों जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी के पास उपलब्ध नहीं हैं, को कूरियर द्वारा सूचना का प्रेषण 03 जून, 2019 को पूरा कर लिया है।
7. मतदान अवधि के दौरान अंतरिती कम्पनी के इक्विटी शेयरधारक पोस्टल बैलॅट अथवा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान के विकल्प का चयन कर सकते हैं। यदि वे पोस्टल बैलॅट तथा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान करते हैं तो रिमोट ई-वोटिंग द्वारा किया गया मतदान लागू होगा। जिन इक्विटी शेयरधारकों ने पोस्टल बैलॅट अथवा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान किये हों, वे बैठक में शामिल हो सकते हैं लेकिन फिर से अपना मतदान करने के लिये अधिकृत नहीं होंगे।
8. पोस्टल बैलॅट तथा रिमोट ई-वोटिंग के निर्देशों सहित सूचना अंतरिती कम्पनी की वेबसाईट अर्थात lumaxautotech.com पर उपलब्ध है।
9. पोस्टल बैलॅट अथवा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान से संबंधित किसी भी प्रश्नों/ समस्याओं को अनिल त्यागी, अंतरिती कम्पनी के कम्पनी सचिव को shares@lumaxmail.com पर संबोधित किया जा सकता है। उनके 91-11-49857832 पर सम्पर्क भी किया जा सकता है।
10. प्रतिभूत तथा अप्रतिभूत क्रेडीटरों को उपरोक्त बैठकों के मामले में मतदान बैठक स्थल पर बैलॅट/ बैलॅट पेपर के माध्यम से कराया जायेगा।

हस्ता./-
अजय भगवती
बैठक के लिये नियुक्त अध्यक्ष



## कार्यालय वसूली अधिकारी-।। ऋण वसूली अधिकरण-।।।, दिल्ली

चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली - 110 001

आर. सी. सं. 315/2018 दिनांकित : 13.05.2019

बिक्री की उदघोषणा आयकर अधिनियम 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52(2) के अंतर्गत को बैंक और वित्तिय संस्थान अधिनियम 1993 की ऋण वसूली के साथ पढ़ा जाये।

ओरियेंटल बैंक ऑफ कॉमर्स बनाम मैसर्स ब्रह्मा इंटरप्राईजेज़

सेवा में

1. मैसर्स ब्रह्मा एंटरप्राइजेज, 41/ए-3, दिलशाद गार्डन, इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110095, और: प्लॉट नं. 2, टिम्बर ब्लॉक का आबादी, झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया, शाहदरा, दिल्ली-110095, और: खसरा नं. 561/2 में से, प्रथम तल, लाल डोरा की विस्तारित आबादी, मेन मंडोली रोड, गॉंव मंडोली, दिल्ली-110093
2. श्री राहुल सक्सेना पुत्र श्री राजेश सक्सेना, निवासी : 1/4785, प्लॉट नं. 5, गली नं. 10, बलबीर नगर एक्स. दिल्ली-110032 और: 41/ए-3, दिलशाद गार्डन, इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110095 और: प्लॉट नं. 2, टिम्बर ब्लॉक का आबादी, झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया, शाहदरा, दिल्ली-110095, और: खसरा नं. 561/2 में से, प्रथम तल, लाल डोरा की विस्तारित आबादी, मेन मंडोली रोड, गॉंव मंडोली, दिल्ली-110093
3. श्री गोपाल गोयल पुत्र श्री प्रेम चंद गोयल, निवासी : वाई-3, नवीन शाहदरा, दिल्ली -110095, और : 2370/147, बिडन पुरा, गुरुद्वारा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005, और : मैसर्स लेदर हाउस, 2413/2, पांडव नगर, दिल्ली -110091
4. श्रीमती मंजू सक्सेना पत्नी श्री राजेश सक्सेना, निवासी : प्लॉट नं. 5, गली नं. 10, बलबीर नगर एक्सटेंशन, शाहदरा, दिल्ली -110032
5. केनरा बैंक, शंकर नगर शाखा, के-73, चाची बिल्डिंग, कृष्णा नगर, दिल्ली -110051
6. इलाहाबाद बैंक, आंचलिक कार्यालयः प्रथम तल, 17, संसद मार्ग, नई दिल्ली -110001

यह सूचित किया जाता है कि पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण -।।।, दिल्ली, के आदेशानुसार ओ ए नं. 215/16 दिनांकित 17.03.2018 में आपके द्वारा देय राशि रु. 68,82,808.30 (रु. अडसठ लाख ब्यासी हजार आठ सौ आठ और पैसे तीस मात्र) **ओ ए की फाईलिंग की तिथि से प्रभावी @12% वार्षिक दर से साधारण ब्याज एवं लागत कुल चुकौती की तिथि तक एकमात्र प्रमाण देनदार को प्रमाण-पत्र के अनुसार भुगतान करने का आदेश दिया है।**

और जैसा कि अधोहस्ताक्षरी ने इस प्रमाणपत्र की संतुष्टी हेतु निम्नानुसार अनुसूची में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

और जैसा कि रु. 68,82,808.30 (रु. अडसठ लाख ब्यासी हजार आठ सौ आठ और पैसे तीस मात्र) मय ब्याज **@12%** वार्षिक दर दिनांक 11.02.2016 से एवं प्रभार सहित कर्जदार द्वारा देय होगा।

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि कोई स्थगन के किसी आदेश के अभाव में उक्त सम्पत्ति को सार्वजनिक नीलामी द्वारा 12.07.2019 को अर्पा. 03.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे के बीच (स्वतः विस्तार खण्ड के साथ यदि बंद होने से पहले अंतिम 5 मिनट में बोली अपेक्षित होती है) ई-नीलामी तथा बोली प्रक्रिया होगी जो **मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्रा. लि., (ABC Procure) ए-201/208, वॉल स्ट्रीट-।।, ओरियंट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380006, गुजरात इण्डिया, फोन नं. +91 079 40016800 फैक्स नं. +91 7940016876** के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी द्वारा बेची जाएगी। किसी पूछताछ के लिए **श्री नितिश झां, मोबाइल नंबर 07982880393, ई-मेल : delhi@auctiontiger.net से सम्पर्क करें।**

संपत्ति से संबंधित किसी भी जानकारी और संपत्ति का निरीक्षण हेतु **सी एच बैंक के ऑफिसर, श्री संजय गुप्ता, मो. 9799961244** से संपर्क किया जा सकता है।

उपरोक्त नाम के प्रतिवादी की सम्पत्ति की बिक्री उपरोक्तानुसार सम्पत्ति के लिए संलग्न देनदारियों एवं दावें को जैसा अभी तक निर्धारित किया गया है, वे प्रत्येक लॉट के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट है।

सम्पत्ति बिक्री के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट लॉट पर की जाएगी, यदि सम्पत्ति के भाग की बिक्री की राशि सम्पूर्ण देय राशि के संतुष्टि लायक होगी तो शेष के संबंध में बिक्री को तुरन्त रोक दी जायेगी। बिक्री तब भी रोक दी जायेगी यदि इससे पहले किसी लॉट की बोली छुट जाती है, कथित प्रमाणपत्र में अंकित बकायों, ब्याज लागत (जिसमें बिक्री की लागत शामिल है) बिक्री संचालित करने वाले अधिकारी को देय दी जाती है /प्रस्तुत की जाती है या इस आशय का प्रमाण दिया जाता है कि ब्याज वा लागत के साथ ऐसे प्रमाणपत्र की राशि का भुगतान अधोहस्ताक्षरी को कर दिया गया है।

बिक्री से संबंधित कोई अधिकारी या अन्य व्यक्ति निविदा के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से सम्पत्ति की बिक्री के लिए बोली, अधिग्रहण अथवा प्रयास नही करेगा। आयकर अधिनियम 1961 के द्वितीय अनुसूची के शर्तों एवं उसके नियमों के तहत तथा निम्न शर्तो के अनुरुप ही बिक्री की जाएगी।

बिक्री उदघोषणा की अनुसूची में उल्लेखित विवरण को अधोहस्ताक्षरी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दर्शाया गया है, परन्तु अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटि, गलत बयान बाजी अथवा उदघोषणा में चूक होने पर जिम्मेदारी नहीं होगी।

1 **आरक्षित मूल्य रु. 27,35,000/- (रु. सत्ताईस लाख पैंतीस हजार मात्र) के नीचे सम्पत्ति नही बेची जाएगी**

2. बोली, **कम से कम रू. 1,00,000/- (रु. एक लाख मात्र) बढ़ाई जा सकेगी।** बोली अथवा बोलीदाता के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में लॉट की नीलामी दोबारा की जाएगी। यदि उपलब्ध कोई भी बोलीदाता अपनी बोली नहीं बढ़ाता है, तब सर्वप्रथम प्राप्त ईएमडी अधोहस्ताक्षरी द्वारा आगे विचार हेतु रोक कर रखी जा सकती है।

3. किसी लॉट के उच्चतम बोलीदाता को क्रेता घोषित किया जाएगा। उच्चतम बोली को अस्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी का विवेकाधिकार होगा, यदि पेश की गई ऑफर उसको स्वीकार किए जाने हेतु स्पष्ट रूप से अपर्याप्त प्रतीत होती है।

4. धरोहर राशि **रु. 2,73,500/- (रु. दो लाख तिहेत्तर हजार पॉंच सौ मात्र)** जमा करने हेतु **पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रुप में जो कि "Recovery Officer-II, DRT-III, Delhi के पक्ष में दिल्ली** में देययोग्य हो को **वसूली अधिकारी -।।, डीआरटी-।।।, दिल्ली को दिनांक 10.07.2019 तक देनी होगी।** धरोहर राशि इसके पश्चात नीलामी के लिए स्वीकार नही की जायेगी।

5. पैन कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण तथा पहचान प्रमाण, ई-मेल आई डी, मोबाईल नम्बर और इस आशय की उद्धोषणा कि वे स्वंय की ओर से या अपने स्वामी की ओर से बोली लगा रहे है, जमा करनी होगी। स्वामी की ओर से बोली लगाने वाले मामलो में बोली लगाने वाले को अपना प्राधिकार पत्र जमा करना होगा वरना बोली अस्वीकार कर दी जाएगी। कम्पनी के मामले में कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की कम्पनी प्रति या कम्पनी के अटार्नी/प्रतिनिधित्व को पुष्ट करने वाले अन्य कोई आलेख्य तथा ऐसी जमा रशिद/काउन्टर फाईल कथित तिथि तक ई-मेल या अन्यथा द्वारा कथित सेवा प्रदाता या सी एच बैंक तक पहुंच जानी चाहिए और इसकी हार्ड कॉपी (स्थूलप्रति) वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।।, दिल्ली के कार्यालय में जमा कराना होगा।

6. सफल बोलीदाता को अपनी अंतिम बोली का 25 प्रतिशत राशि, ईएमडी समायोजन के बाद, अगले बैंक कार्य दिवस को अर्थात अप. 03.00 बजे तक ऊपर पैरा 4 में निर्धारित विधि में जमा करनी होगी।

7. क्रेता को अंतिम बोली की **75 प्रतिशत राशि सम्पत्ति की बिक्री की तिथि से 15 वें दिन को अथवा पूर्व जमा करनी होगी। यदि 15वां दिन रविवार या अवकाश है, तब 15वें दिन** के बाद पहले बैंक कार्य दिवस को ऊपर पैरा 4 में निर्धारित विधि में जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त **क्रेता को रू. 1,000/- तक बिक्री मूल्य के 2 प्रतिशत की दर पर तथा रू. 1,000/- से अधिक पर बिक्री मूल्य के 1 प्रतिशत की दर पर पाउण्डेज फीस रजिस्ट्रार, डीआरटी-।।।, दिल्ली के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।।, दिल्ली के पास जमा करना होगा।**

8. निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति की बिक्री नए सिरे से की जाएगी। ऐसी बिक्री से पहले उसकी नई उद्घोषणा जारी की जाएगी। बोलीदाता द्वारा पहले जमा की गई राशि, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, बिक्री के व्यय काटने के बाद, सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता के, सम्पत्ति अथवा उसके किसी अंश अथवा सम्पत्ति की पुनरबिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के किसी अंश के संबंध में, सभी दावे जब्त हो जाएगें।

9. सम्पत्ति की बिक्री **"जैसा है जहां है तथा जो है जैसा है आधार"** पर की जा रही है।

10. असफल बोलीदाता/ओं को अपने ईएमडी के रिफंड के लिए आरसी की सुनवाई की नियत तिथि पर या उससे पहले डीआरटी-।।। की रजिस्ट्री में पहचान प्रमाण के साथ एक आवेदन दायर करने के लिए निर्देशित किया जाता है जिसे तदनुसार आर.सी. की नियत तारीख / बाद की तारीख पर वापस किया जाएगा।

11. अधोहस्ताक्षरी के पास, किसी भी या सभी बोलियों को, अनुपयुक्त पाए जाने पर, स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए, नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

सम्पत्तियों की अनुसूची

| क्र. सं | अन्य सह मालिकों के नाम के सहित, बेची जाने वाली सम्पत्ति का विवरण, जहॉं सम्बन्धित सम्पत्ति डिफाल्टर या जो किसी अन्य व्यक्ति के सह-स्वामित्व में है। | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर राजस्व जिसका मूल्यांकन किया गया है | किसी भी प्रकार के भार का विवरण जिसके लिए सम्पत्ति उत्तरदायी है | विवाद अगर कोई है जो कि सम्पत्ति के सम्बंध में आगे आया है एवं अन्य कोई ज्ञात विशिष्टियां जोकि इसके मूल्य एवं प्रकृति प्रभाव रखता है। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सम्पत्ति प्रथम तल, बिना छत के अधिकार के, छत के स्तर तक, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, खसरा नं. 180 में से, सम्पत्ति नं. 1/4785, प्लॉट नं. 5, गॉंव सिकरपुर, गली नं. 10 की आबादी, बलबीर नगर, एक्सटेंशन इलाका शाहदरा, दिल्ली - 110032 में स्थित | उपलब्ध नही | उपलब्ध नही | उपलब्ध नही |

मेरे हस्ताक्षर तथा मोहर के साथ आज दिनांक 13 मई, 2019 को दिया गया। (विकास जेटली) वसूली अधिकारी-।।, ऋणवसूली अधिकरण-।।।, दिल्ली





**बड़ी टीमों को हरा सकती है वेस्ट इंडीज : लायड**

वेस्ट इंडीज के क्रिकेटर क्लाइव लायड ने कहा कि मौजूदा कैरेबियाई टीम में विश्व कप के दौरान उलटफेर करने का माद्दा है। वह विश्व कप के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ टीम के प्रदर्शन से खुश हैं। लायड ने कहा कि पहले मैच में वेस्ट इंडीज का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने पिच का पूरा फायदा उठाया और पाकिस्तान पर दबाव बनाया। अब उन्हें इस लय को बरकरार रखना होगा।'

### दक्षिण अफ्रीका को 21 रन से मात दी

# बांग्लादेश ने किया बड़ा उलटफेर

लंदन, 2 जून (भाषा)।

बांग्लादेश ने शाकिबुल हसन (75) और मुश्फिकर रहीम (78) के अर्धशतकों के बाद अच्छी गेंदबाजी की बदौलत आइसीसी क्रिकेट विश्व कप के मैच में दक्षिण अफ्रीका को 21 से हराकर जीत से अपना अभियान शुरू किया और वनडे में सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी खड़ा किया।

यह दक्षिण अफ्रीका की टूर्नामेंट में दूसरी हार है, उसे शुरुआती मैच में गुरूवार को मेजबान इंग्लैंड से 104 रन की करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। बांग्लादेश ने शाकिबुल और मुश्फिकर के बीच तीसरे विकेट के लिए 142 रन की भागीदारी से छह विकेट पर 330 रन बनाकर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ और आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में भी अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। कप्तान मशरफी मुर्तजा की टीम ने कैच लेने के कई मौके गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के लगातार अंतराल पर विकेट हासिल किए और उसे 50 ओवर में आठ विकेट पर 309 रन ही बनाने दिए। दक्षिण अफ्रीका पर यह जीत बांग्लादेश के लिए 2007 विश्व कप की जीत से ज्यादा बड़ी होगी। वनडे में बांग्लादेश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ 2015 में 329 रन का था। उनका विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 2015 में ही स्काटलैंड के खिलाफ चार विकेट पर 322 रन था और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 2017 में 278 रन का था। शाकिबुल और मुश्फिकर की तीसरे विकेट के लिए 142 रन की भागीदारी विश्व कप में बांग्लादेश की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी भी है। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार ने 42 और अंत में महमूदुल्लाह ने नाबाद 46 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश ने मुस्तफिजुर रहमान और आफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज से शुरुआत की। उन्हें पहली कामयाबी 10वें ओवर में क्विंटन डि कॉक (23) को रन आउट करके मिली जो ऐडन मार्कराम के साथ हुई गफलत में मुश्फिकुर रहीम द्वारा रन आउट हुए। मार्कराम (45 रन) और कप्तान फाफ डु प्लेसिस (62 रन) ने टीम को 19वें ओवर के अंत तक 100 रन तक पहुंचाया। लेकिन अगले ओवर में शाकिबुल की गेंद पर मार्कराम बोल्ड हो गए जो बांग्लादेश के इस गेंदबाज का 250वां विकेट भी था। फिर डेविड मिलर क्रीज पर उतरे जो इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती मैच में नहीं खेल पाए थे। 25वें ओवर में डु प्लेसिस ने मोसादेक हुसैन की गेंद पर छक्के के लिए भेजकर अपने 50 रन पूरे किए। मेहदी हसन मिराज ने दूसरे स्पैल में कप्तान डुप्लेसिस (53 गेंद में पांच चौके और एक छक्का) को बोल्ड को दक्षिण अफ्रीका को करारा झटका दिया। मेहदी हसन की खूबसूरत गेंद सीधे डुप्लेसिस के स्टंप उखाड़ती हुई गई जिसके बाद बांग्लादेशी टीम और प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस तरह 27वें ओवर तक टीम का स्कोर तीन विकेट पर 147 रन हो गया।



अर्धशतकीय पारी के बाद दर्शकों का अभिवादन करते मुश्फिकर रहीम।

# सौ एकदिनी खेलने वाले दूसरे दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर बने ताहिर

लंदन, 2 जून (एएफपी)।

दक्षिण अफ्रीका के इमरान ताहिर रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ आइसीसी क्रिकेट विश्व कप मुकाबले में मैदान पर उतरते ही 100 एकदिवसीय खेलने वाले अपने देश के दूसरे स्पिनर बन गए।

ताहिर से पहले सिर्फ निकी बोए ही ऐसे स्पिनर रहे हैं जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 100 से अधिक एकदिवसीय मैच खेले हैं। चालीस साल के ताहिर मौजूदा विश्व कप में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं।

पाकिस्तान के लाहौर में जन्में ताहिर ने 1998 में अंडर-19 विश्व कप में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था लेकिन इसके बाद वह दक्षिण अफ्रीका में जा बसे। ताहिर ने मैच से पहले कहा कि यह शानदार अनुभूति है। मैंने अपना पहला एकदिवसीय 2011 विश्व कप में खेला था और जब पीछे मुड़ कर देखता हूं तो मेरी यात्रा शानदार रही है।

एकदिवसीय में 31 के स्ट्राइक रेट से 164 विकेट चटकाने वाले ताहिर ने कहा कि हमेशा से यह मेरा सपना था लेकिन मैंने कभी यह नहीं सोचा था कि दक्षिण अफ्रीका के लिए 100वां मैच खेलूंगा। ताहिर सबसे कम मैचों में 100 विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज हैं। उनके नाम एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका की ओर से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रेकार्ड है।

उन्होंने 15 जून 2016 को वेस्ट इंडीज के खिलाफ 45 रन देकर सात विकेट लिए थे। ताहिर इसके साथ ही गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच के दौरान किसी विश्व कप में पहला ओवर फेंकने वाले पहले स्पिनर बने।



पाकिस्तान के लाहौर में जन्में ताहिर ने 1998 में अंडर-19 विश्व कप में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था लेकिन इसके बाद वे दक्षिण अफ्रीका में जा बसे।

# ज्यादा गंभीर नहीं कोहली के अंगूठे में लगी चोट

साउथम्पटन, 2 जून (भाषा)।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के अंगूठे पर नेट अभ्यास के दौरान चोट लग गई लेकिन वह ठीक हैं। भारतीय टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआती करेगी।

टीम के एक सूत्र ने कहा कि बल्लेबाजी के दौरान उनका अंगूठा चोटिल हो गया लेकिन वह ठीक हैं। इसमें चिंता करने की कोई बात नहीं।

शनिवार को अभ्यास के दौरान कोहली के दाहिने हाथ का अंगूठा चोटिल हो गया जिसके बाद फिजियोथेरेपिस्ट पैट्रिक फरहत ने भारतीय कप्तान का इलाज किया।

फरहत ने उनकी अंगूठे पर मैजिक स्प्रे (दवा) लगाने के बाद टेप चिपका दिया। बाद में कोहली को बर्फ से भरे गिलास में अंगूठा डाल कर मैदान से बाहर जाते देखा गया। भारत खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल है लेकिन टूर्नामेंट का पहला मुकाबला खेलने से पहले ही टीम चोट की समस्या से परेशान है।



हरफनमौला विजय शंकर कोहनी में चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच नहीं खेल सके थे जबकि केदार जाधव आइपीएल के दौरान कंधे में लगी चोट से अब भी उबर रहे हैं। वह न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ भारत के दोनों अभ्यास मैचों में नहीं खेल पाए थे। जाधव को हालांकि शनिवार को नेट पर अभ्यास करते देखा गया जिससे अंदाजा लगया जा रहा है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले से पहले फिट हो जाएंगे।

# रिचड्र्स के कहने पर 2007 में बदला था संन्यास लेने का विचार : सचिन

लंदन, 2 जून (भाषा)।

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को खुलासा किया कि वेस्ट इंडीज के दिग्गज क्रिकेटर विवियन रिचड्र्स के फोन के कारण उन्हें 2007 में खेल को अलविदा कहने का विचार बदलने में मदद मिली।



कई जगह इस बात का जिक्र है कि बड़े भाई अजीत की सलाह के बाद तेंदुलकर ने 2007 में क्रिकेट को अलविदा कहने का मन बदला था लेकिन इस दिग्गज क्रिकेटर ने इससे पहले कभी इसमें रिचड्र्स की भूमिका पर बात नहीं की थी। तेंदुलकर ने कहा कि 2007 विश्व कप संभवतः उनके करिअर का सबसे बदतर चरण था और जिस खेल ने उन्हें उनके जीवन के सर्वश्रेष्ठ दिन दिखा वह उन्हें बदतर दिन भी दिखा रहा था।

तेंदुलकर ने यहां 'इंडिया टुडे' कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि ऐसा ही माहौल था। उस समय भारतीय क्रिकेट से जुड़ी जो चीजें हो रही थी उनमें सब कुछ सही नहीं था। हमें कुछ बदलाव की जरूरत थी और मुझे लगता था कि अगर वे बदलाव नहीं हुए तो मैं क्रिकेट छोड़ देता। मैं क्रिकेट को अलविदा कहने को लेकर 90 प्रतिशत सुनिश्चित था। उन्होंने कहा, लेकिन मेरे भाई ने मुझे कहा कि 2011 में विश्व कप फाइनल मुंबई में है क्या तुम उस खूबसूरत ट्रॉफी को अपने हाथ में थामने की कल्पना कर सकते हो। तेंदुलकर ने कहा, इसके बाद मैं अपने फार्महाउस में चला गया और वहीं मेरे पास सर विव का फोन आया, उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि मेरे अंदर काफी क्रिकेट बचा है। हमारी बात लगभग 45 मिनट चली और जब आपका हीरो आपको फोन करता है तो यह काफी मायने रखता है। यह वह लम्हा था जब मेरे लिए चीजें बदल गई और इसके बाद से मैंने काफी बेहतर प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के दौरान रिचड्र्स भी मौजूद थे और उन्होंने तेंदुलकर की ओर इशारा करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा से उनकी क्षमता पर भरोसा था।

रिचड्र्स ने कहा, मुझे सुनील गावस्कर के खिलाफ खेलने का मौका मिला जो मुझे हमेशा से लगता था कि भारतीय बल्लेबाजी के गाडफादर हैं। इसके बाद सचिन आए, इसके बाद अब विराट हैं। लेकिन मैं जिस चीज से सबसे हैरान था वह यह थी कि इतना छोटा खिलाड़ी इतना ताकतवर कैसे हो सकता है।

# भारत के खिलाफ मैच से पहले अमला के फिट होने की उम्मीद

लंदन, 2 जून (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी सलामी बल्लेबाज हाशिम अमला के भारत के खिलाफ साउथम्पटन में होने वाले टीम के तीसरे मैच तक पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है। उन्हें विश्व कप के शुरुआती मैच में हेलमेट की ग्रिल पर गेंद लग गई थी। जोफ्रा आर्चर की तेज बाउंसर उनके हेलमेट के ग्रिल पर लगी थी जिससे वह मैदान छोड़कर चले गए थे। अमला हालांकि बाद में बल्लेबाजी के लिए उतरे थे लेकिन इसे पूरी तरह से नहीं उबरे थे।

उनकी टीम इस मैच में 104 रन से हार गई थी। टीम के मैनेजर मोहम्मद मूसाजी ने कहा कि हाशिम इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान लगी गेंद की चोट से पूरी तरह नहीं उबर सके हैं और बांग्लादेश के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

# पाक के खिलाफ इंग्लैंड की निगाहें जीत पर

लंदन, 2 जून (एएफपी)।

बल्लेबाजों की ऐशगाह पिचों पर भले ही इंग्लैंड टीम के 500 रन बनाने के कयास लगाए जा रहे हों लेकिन मेजबान का पूरा फोकस सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ अगले मैच पर है। इंग्लैंड ने वनडे क्रिकेट में दो बार सर्वाधिक स्कोर का रेकार्ड बनाया है। उसने पहले पाकिस्तान के खिलाफ 2016 में तीन विकेट पर 444 रन बनाए थे जबकि पिछले साल इसी पिच पर छह विकेट पर 481 रन जोड़े।

दूसरी ओर पाकिस्तानी बल्लेबाज नॉटिंघम में ही वेस्ट इंडीज के गेंदबाजों के बाउंसर्स नहीं झेल सके और 105 रन पर आउट हो गए थे। विश्व कप के प्रबल दावेदारों में शुमार इंग्लैंड ने उद्घाटन मैच में दक्षिण अफ्रीका को 104 रन से हराया था। उस मैच में खतरनाक साबित हुए जोफ्रा आर्चर शॉर्ट पिच गेंदों से पाकिस्तान की परेशानियां बढा सकते हैं। उनका साथ देने के लिए मार्क वुड को टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड के सहायक कोच ग्राहम थोर्प ने कहा कि हमने पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज का मैच देखा है। कैरेबियाई टीम ने बेहतरीन गेंदबाजी की। हमने वही देखकर वुड को टीम में मौका दिया है। इस सत्र की शुरुआत से वुड ने अब तक सिर्फ 13.1 ओवर डाले हैं। उन्हें एहतियात के तौर पर बाहर रखा गया क्योंकि उनके टखने की चोट फिर उभर आने का खतरा था।

इंग्लैंड की टीम 2015 विश्व कप में पहले दौर में बाहर होने के बाद वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई। पहले मैच में आठ विकेट पर 311 रन पर आउट हुई इंग्लैंड टीम को आर्चर ने जीत तक पहुंचाया। वनडे क्रिकेट में 500 रन अभी तक नामुमकिन माना जा रहा था लेकिन पिछले कुछ समय से इंग्लैंड के प्रदर्शन को देखते हुए कयास लगाए जा रहे हैं कि वह इस आंकड़े को छूने वाली पहली टीम बन सकती है।



अभ्यास सत्र के दौरान पाकिस्तान के इमाद वसीम।

## जीत से तीन विकेट दूर भारत ए

हुबली, 2 जून (भाषा)।

राहुल चाहर के हरफनमौला प्रदर्शन से भारत ए ने दूसरे अनधिकृत टैस्ट मैच में रविवार को तीसरे दिन श्रीलंका ए पर शिकांजा कसते हुए 210 रन पर सात विकेट चटका लिए। चाहर ने दूसरी पारी में टीम की ओर से सबसे ज्यादा 84 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी लिए। अभी एक दिन का खेल शेष है और श्रीलंका को जीत के लिए 220 रन की जरूरत है जबकि भारत को जीत के लिए महज तीन विकेट चाहिए।

तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय कामिंदू मेंडिस (नाबाद 33) और लक्षण संदाकन (नाबाद 02) क्रीज पर मौजूद थे। इससे पहले भारत ए ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 216 रन से की और चाहर ने जयंत यादव के साथ आठवें विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 360 के पार पहुंचाया।

# दर्शकों की हूटिंग से बेपरवाह दिखी आस्ट्रेलियाई टीम

ब्रिस्टल, 2 जून (एएफपी)।

आस्ट्रेलिया ने अपने विश्व कप अभियान का आगाज अफगानिस्तान के खिलाफ आसान जीत के साथ किया। इस दौरान टीम स्टीवन स्मिथ व डेविड वार्नर के खिलाफ हूटिंग से बेपरवाह दिखी। ब्रिस्टल में शनिवार को खेले गए इस मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान की टीम पूरे 50 ओवर खेलने में नाकाम रही। मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया ने 15 से अधिक ओवर शेष रहते हुए सात विकेट से जीत दर्ज की।

रेकमाल (सैंडपेपर) प्रकरण में दोषी पाए जाने के बाद एक साल का निलंबन झेलने वाले स्मिथ और वार्नर को मैच के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों को इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान भी हूटिंग का सामना करना पड़ा था। शनिवार के मैच में दो प्रशंसक रेकमाल जैसे कपड़े पहन कर स्टेडियम में पहुंचे थे।

मैच में तीन विकेट लेने वाले लेग स्पिनर एडम जंपा ने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों से ऐसे बर्ताव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हमने इस बारे में बात की है कि ऐसे हालात से कैसे निपटना है। जाहिर है, इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में भी हमें इसका सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि हमें इसकी उम्मीद थी और इमानदारी से कहूं तो सबने अच्छे से इसका सामना किया। विश्व कप में टीम के पहले मैच में दो विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज मार्कस स्टोइनिस ने कहा कि स्मिथ और वार्नर ने ऐसी हूटिंग पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वे पेशेवर खिलाड़ी हैं।

# नडाल, फेडरर क्वार्टर फाइनल में

पेरिस, 2 जून (एएफपी)।

**फ्रेंच ओपन**

गत चैंपियन रफेल नडाल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जबकि रोजर फेडरर 28 साल में किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नडाल ने एकतरफा मुकाबले में अर्जेंटीना के युआन इगनेसियो लोंडेरो को 6-2, 6-3, 6-3 से हराकर 13वीं बार रोलां गैरो के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पेरिस में 12वें खिताब के लिए चुनौती पेश कर रहे नडाल की यहां यह 90वीं जीत है। किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में 38वीं बार जगह बनाने वाले नडाल का सामना अगले दौर में फ्रांस के बेनोइट पियरे और जापान के केई निशिकोरी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। रोलां गैरो में 2015 के बाद पहली बार खेल रहे 37 साल के फेडरर ने दुनिया के 68वें नंबर के खिलाड़ी अर्जेंटीना के लियोनार्डो मायेर को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-3 से हराया। पेरिस में 2009 के चैंपियन फेडरर 1991 में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जिमी कोनर्स के जगह बनाने के बाद किसी ग्रैंडस्लैम के अंतिम आठ में जगह बनाने वाले सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी हैं। फेडरर किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में 54वीं बार खेलते हुए नजर आएंगे। महिला वर्ग में शीर्ष वरीय नाओमी ओसाका और 23 बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स की हार के बाद 19 साल की मार्केटा वोनद्रोसोवा ने अनास्तिसा सेवास्तोवा को हराकर पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## नेमार पर लगा बलात्कार का आरोप

रियो डि जनेरियो, 2 जून (एपी)।

ब्राजील पुलिस के दस्तावेजों के अनुसार एक अज्ञात महिला ने दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी नेमार पर पिछले महीने पेरिस में बलात्कार करने का आरोप लगाया है। इस खुलासे के बाद इस खिलाड़ी ने इंस्टाग्राम में सात मिनट का वीडियो डाला जिसमें वट्सऐप संदेश भी शामिल है। नेमार ने कहा कि उन्हें फंसाया जा रहा है और यह उनसे पैसे ऐंठने का प्रयास है।

दस्तावेजों के अनुसार यह घटना 15 मई को एक होटल में रात आठ बजकर 20 मिनट पर हुई। महिला ने शुक्रवार को साओ पाउलो में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस विभाग को देखने वाले साओ पाउलो राज्य के जन सुरक्षा सचिवालय ने बयान में पुष्टि की है कि शिकायत दर्ज की गई है लेकिन उन्होंने इससे अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया।

# किंग्स कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

## स्टिमक ने छह नए खिलाड़ियों को मौका दिया

नई दिल्ली, 2 जून (भाषा)।

भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने थाईलैंड के बुरीराम में पांच जून से शुरू होने वाले किंग्स कप के लिए रविवार को 23 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की। इसमें छह नए चेहरे शामिल हैं। इन छह नए खिलाड़ियों में राहुल भेके, ब्रैंडन फर्नांडिस, रेनियर फर्नांडिस, माइकल सूसाईराज, अब्दुल सहल और अंडर-17 विश्व कप में भारतीय टीम का नेतृत्व करने वाले अमरजीत सिंह शामिल हैं।

इस बीच आदिल खान ने 2012 के बाद पहली बार टीम में वापसी की है, जबकि गोलकीपर कमलजीत सिंह को अब भी अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में उतरने का इंतजार है। भारतीय कोच ने कहा कि टीम में दो जगहों के लिए हमें काफी मशक्कत करनी पड़ी और आखिरकार, निशु कुमार और जॉबी जस्टिन को बाहर करना पड़ा। टीम रविवार को थाईलैंड के बैंकाक के लिए रवाना हो गई जहां से सोमवार को बुरीराम के जाएगी। भारत किंग्स कप का पहला मुकाबला पांच जून को कुराकाओ से खेलेगा, जबकि दूसरा मैच आठ जून को होगा। स्टिमक ने कहा कि हमने दिल्ली में अपना काम पूरा किया और मैं इस मौके पर सभी मदद करने वालों का शुक्रिया करना चाहूंगा। भारतीय डिफेंडर संदेश झिंगन ने कहा कि हर किसी ने शिविर का लुत्फ उठाया और अब मुकाबले के लिए तैयार हैं।

झिंगन ने कहा कि कोच नई प्रणाली लेकर आए हैं। हम ज्यादा आक्रामक फुटबॉल खेलने पर ध्यान दे रहे हैं। पिछली सफलताओं से हमारा मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्हें लगता है कि वे और बेहतर कर सकते हैं।

**भारतीय टीम**

गोलकीपर : गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, कमलजीत सिंह। डिफेंडर : प्रीतम कोटाल, राहुल भेके, संदेश झिंगन, आदिल खान, सुभाषीश बोस। मिडफील्डर : उदांता सिंह, जैकीचंद सिंह, ब्रैंडन फर्नांडिस, अनिरुद्ध थापा, रेनियर फर्नांडिस, प्रणॉय हलधर, विनीत राय, सहल अब्दुल, अमरजीत सिंह, लालियानजुआला चांगते, माइकल सूसाईराज। फॉरवर्ड : बलवंत सिंह, सुनील छेत्री, फारुख चौधरी, मनवीर सिंह।

**रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 197,** ***हवाई शुल्क :*** इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।